


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 161 | ग्वालियर गुरुवार, 30 मार्च 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




## न्यूज ट्रैक

### ड्यूटी कर घर लौट रही महिला को युवक ने मारी गोली



**गाजियाबाद।** दिल्ली से सटे गाजियाबाद के थाना विजयनगर इलाके से उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक युवक ने एक महिला को गोली मार दी। घटना को अंजाम देकर युवक अपने एक अन्य साथी के साथ मौके से फरार हो गया। ये पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल प्रभाव से लहूलुहान हालत में महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार अभी जारी है। उधर आरोपी को पकड़ने के लिए विशेष टीम का गठन कर दिया गया है। बताया जा रहा है जिस वक्त महिला को गोली मारी वह अपनी ड्यूटी से घर लौट रही थी। मिली जानकारी के अनुसार आसमा नाम की 35 वर्षीय एक महिला मवई कॉलोनी में अपने पति और बच्चों के साथ रहती है। महिला गौशाला स्थित एक सिलाई मशीन की फैक्ट्री में काम करती है और महिला के पति नोएडा स्थित निजी कंपनी में काम करता है। देर शाम को वह फैक्ट्री से घर की तरफ जा रही थी। तभी फैक्ट्री के बाहर एक युवक महिला को गोली मारकर फरार हो गया। जैसे ही लोगों ने गोली की आवाज सुनी तो लोग मौके पर दौड़े, लेकिन तबतक हमलावर मौके से अपने साथी के साथ फरार हो गया। इस दौरान भागते हुए की तस्वीर पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए एसीपी अंशु जैन ने बताया कि थाना विजयनगर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी। कि एक युवक ने एक महिला को गोली मार दी है। सूचना के आधार पर तत्काल प्रभाव से पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुका था। पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उसका उपचार जारी है। गोली मारने वाले युवक का नाम मिर्जापुर निवासी शादाब बताया गया है। फिलहाल आरोपी को पकड़ने के लिए विशेष टीम का गठन कर दिया गया है। उम्मीद है जल्द ही इस पूरे मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और उसके बाद ही यह पूरी जानकारी हो पाएगी कि आखिरकार आरोपी ने महिला को गोली क्यों मारी है।

### बस में मुलाकात फिर दोस्ती, शादी का झांसा देकर डेढ़ साल तक दुष्कर्म



**हिसार।** हरियाणा के हिसार जिले में 24 वर्षीय युवती ने एक युवक पर डेढ़ वर्ष तक शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म करने, अश्लील वीडियो बनाने, चार बार गर्भपात करवाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले में पीड़िता ने पुलिस को शिकायत दी है। शिकायत में बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पहले चंडीगढ़ जाते समय बस में उसकी मुलाकात आरोपित चरणजीत और उसके दोस्त रोहित से हुई थी। एक दिन चरणजीत ने उसे फोन कर कहा कि वह हिसार में ही है। उसे कपड़े खरीदने के बहाने से मिलने के लिए बुलाया। आरोपी ने उसे शादी करने का झांसा भी दिया और अपने दोस्त के होटल में ले गया। वहां आरोपित ने उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला दिया। इससे वह बेहोश हो गई। करीब एक घंटे बाद उसे होश आया। आरोपित ने कहा कि जब वह बेहोश थी तो उसने उसके साथ गलत काम किया था और उसके फोटो और अश्लील वीडियो भी बना ली। आरोपित ने उसे धमकी दी कि अगर इस बारे में किसी को बताया तो यह फोटो और वीडियो वायरल कर देगा। आरोपित ने उसे दो महीने बाद शादी करने का आश्वासन दिया। लेकिन आरोपित ने कुछ दिन बाद कहा कि उसके माता-पिता इस शादी के खिलाफ है। इसके बाद आरोपी ने उसे लव मैरिज करने और वकील से बात करने की बात कहीं, साथ ही अपने परिवार को शादी के लिए मनाने की बात कहीं। इस बीच वह चार बार गर्भवती भी हो गई। आरोपित ने उसे गर्भपात की गोलियां देकर गर्भपात करवाया। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है।

### कानपुर पुलिस कस्टडी में हुई थी व्यापारी की मौत

कानपुर। पुलिस कस्टडी में व्यापारी बलंवत की पीटकर हत्या के मामले में आईपीसी की धारा 302 (हत्या) हटाकर 304 (गैर इरादतन हत्या) में दाखिल की गई चार्जशीट को कोर्ट ने नकार दिया है। कोर्ट ने टिप्पणी की है कि विवेचना में दोषियों को बचाने के लिए साक्ष्य संकलन में गोलमाल किया गया। कोर्ट ने स्वतः घटना को संज्ञान में लेते हुए साक्ष्य मिटाने के अपराध को जोड़कर पूरे प्रकरण की सुनवाई हत्या में ही करने का आदेश जारी किया है। साथ ही उन पुलिस कर्मियों को भी हत्या की घटना में शामिल करते हुए तलब किया है, जिन्हें एसआईटी क्लीन चिट दे चुकी है। 12 दिसंबर 2022 को शिवली कोतवाली के लालपुर सरैंया गांव के व्यापारी बलवंत को पुलिस ने लूट के शक में उठाकर पूछताछ शुरु की थी। उसे रनियां थाने में रखकर इतना पीटा गया कि उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद पुलिस कर्मी शव छोड़कर फरार हो गए थे। परिजनों के हंगामा व मामला तूल पकड़ने पर आरोपियों पुलिस कर्मियों के विरूद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

# सम्राट से दोस्ती और नीतीश से बैर, बिहार में बीजेपी का प्लान

**पटना।** राष्ट्रीय लोक जनता दल (आरएलजेडी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने मंगलवार को कहा कि भाजपा के नवनियुक्त बिहार अध्यक्ष सम्राट चौधरी से उनका कोई मतभेद नहीं है। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान कहा, मैं सम्राट अशोक से वादा करना चाहता हूं कि मुझे सम्राट चौधरी से कोई दिक्कत नहीं है। उनसे कोई मतभेद नहीं है। हम 21वीं सदी के नेता हैं, 19वीं सदी के नहीं। बिहार में फिर से जंगलराज न आए, इसके लिए हम मिलकर काम करेंगे। नीतीश कुमार राजद की गोद में बैठे हैं और बिहार में फिर से जंगलराज लाने की सोच रहे हैं।

सम्राट चौधरी कुशवाहा समुदाय से आते हैं और भाजपा ने उन्हें समुदाय पर अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए राज्य अध्यक्ष बनाया है। कुशवाहा भी इस समुदाय के एक प्रमुख नेता हैं और चौधरी की मौजूदगी उनका मूल्य घटा सकती है। लेकिन इसी बीच उपेंद्र कुशवाहा के इस बयान ने सियासत में हलचल मचा दी है। कयास लगाए जा रहे हैं कि कुशवाहा बीजेपी से गठबंधन की तैयारी में हैं। कुशवाहा ने कहा लोगों ने अफवाह फैलाई है कि मुझे सम्राट चौधरी से दिक्कत है। जिस तरह से बीजेपी ने उन्हें पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है, जदयू में कुछ भी नहीं बचा है। मेरे पार्टी छोड़ने के बाद यह एक खाली डिब्बा बन गया है। बीजेपी का प्लान ऱ भी जान लीजिए। इस का मतलब उपेंद्र कुशवाहा और ऱ का मतलब सम्राट चौधरी है। उपेंद्र कुशवाहा जदयू से केवल एक उद्देश्य के लिए अलग हुए थे, ताकि भविष्य में लोकसभा चुनाव 2024 और विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान कोई स्थिति उत्पन्न होने पर भाजपा के साथ अपनी सौदेबाजी की शक्ति को मजबूत कर सकें। सम्राट चौधरी की नियुक्ति के बाद भाजपा ने एक तीर से दो निशाने साधे हैं। पहला



है नीतीश कुमार के लव (कुर्मी)-कुश (कुशवाहा) समीकरण को चोट पहुंचाना और दूसरा सामुदायिक समर्थन पाने के लिए निर्दलीय हो जाना। वह बिहार में किसी दूसरी राजनीतिक ताकत से समझौता नहीं करना चाहती। उन्होंने यह भी कहा कि नीतीश कुमार के साथ जाकर उन्होंने अतीत में गलती की थी और साथ ही वादा किया था कि वह भविष्य में ऐसी गलती नहीं करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या नीतीश कुमार 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष का पीएम चेहरा बनेंगे, कुशवाहा ने कहा तेजस्वी यादव ने पहले ही कहा था कि न तो उनकी बिहार के मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा है और न ही नीतीश कुमार की प्रधानमंत्री बनने की इच्छा है। तेजस्वी को लोगों का फीडबैक मिला होगा और इसलिए उन्होंने ऐसा कहा था। जब नीतीश कुमार के आसपास के नेता कह रहे हैं कि वह प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे, तो मैं क्या कहूंगा।

# लंबे समय से गायब 8 डॉक्टरों पर गिरी गाज

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने जनपद भ्रमण के दौरान मंगलवार को सर्किट हाउस सभागार में जनकल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने लंबे समय से गायब चल रहे आठ डॉक्टरों की सेवाएं समाप्त करने के निर्देश दिए। साथ ही जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा करते हुए पाइप लाइन के लिए खोदी गई सड़कों को ठीक न करने पर कार्यदाई संस्था का भुगतान रोकने की चेतावनी दी।

बैठक में जल-जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए खटान पाइप पेयजल परियोजना में कनेक्शन के विषय में जानकारी प्राप्त की, सम्बन्धित संस्था एलएनटी को कार्य में प्रगति लाने के लिए मैन पॉवर बढाकर युद्ध स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिये। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने शिकायत की कि इस संस्था ने सड़के खोदकर पाइप लाइन डालने के कार्य के पश्चात सड़क मरम्मत का कार्य नहीं पूर्ण किया है। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि सड़कों के मरम्मत का कार्य शीघ्र कराकर मूल रूप में बनायी जायें। साथ ही उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने लेट-लतीफी करने पर कार्यदायी संस्था का भुगतान नहीं किए जाने



और पेनाल्टी लगाने की भी बात कही। इसके बाद उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अम्लीकौर ग्राम समूह पाइप पेयजल परियोजना हर-घर कनेक्शन के विषय में जानकरी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि पेयजल कनेक्शन में लीकेज की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि एक कमेटी बना दी जाए एवं जो सड़कों का निरीक्षण कर मरम्मत कार्य को पूर्ण करायें। बैठक में संबंधित कार्यदायी संस्था द्वारा माह मई तक कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी से जानकारी प्राप्त की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सब सेन्टर 306 तथा वेलनेश सेन्टर 130 है, जो फक्शनिंग हैं। उनके द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि 2 वर्ष से विद्युत कनेक्शन नही दिया गया, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी से कहा कि नोटिस जारी करके अधीक्षण अभियंता विद्युत, एक्सियन आरईएस तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी बांदा की जवाबदेही तय की जाए कि अभी तक विद्युत कनेक्शन में इतना विलम्ब किस कारण किया गया। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि ओवर बिलिंग न की जाए, मूल बिल ही लिया जाए, यदि ओवर बिलिंग की शिकायतें आती हैं तो सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

### यूपी में फिर दस्तक दे सकती है बारिश

खनऊः उत्तर प्रदेश में बारिश और ओलों का मार से किसान अभी संभल ही रहे थे कि मौसम विभाग की एक और चेतावनी ने उनकी टेंशन बढ़ा दी है। विभाग का अनुमान है कि प्रदेश में बेमौसम बारिश का ये सिलसिला अभी जारी रहेगा। इसे देखते हुए वेस्ट यूपी और पूर्वी यूपी में यलो अलर्ट भी जारी किया गया है। विभाग ने बताया कि प्रदेश के तमाम जिलों में बुधवार को बिजली चमकने और गरज-तरज के साथ बारिश हो सकती है। प्रदेश के कई इलाकों में बुधवार को बादल छाए रहेंगे। वहीं कई इलाकों में ये बादल बारिश में भी बदलेंगे। बारिश को लेकर विभाग के अलर्ट ने एक बार फिर किसानों की टेंशन बढ़ा दी है।

### जहां लगते थे अतीक अहमद जिंदाबाद के नारे, वहीं गूंजी फांसी देने की मांग

**प्रयागराज।** उमेश पाल अपहरण मामले में अतीक और अन्य आरोपियों की पेशी को लेकर एमपी-एमएलए कोर्ट के आसपास पुलिस का सख्त पहरा था। पुलिस के साथ ही बड़ी संख्या में पैरा मिलिट्री के जवानों को भी तैनात किया गया था। एसीपी और डीसीपी स्तर के अधिकारियों को अलग-अलग पॉइंट की कमान सौंपी गई थी। जेल से पेशी के लिए जब अतीक, अशरफ और फरहान का वाहन कोर्ट पहुंचा तो मीडियाकर्मियों ने उसे घेर लिया। हालांकि पुलिस पहले से सतर्क थी और तीनों की पुलिस वैन को सीधे कोर्ट परिसर में दाखिल करवा दिया गया। कोर्ट परिसर में मीडिया कर्मियों का



प्रवेश वर्जित था। हालांकि वकील वहां पहले से मौजूद थे। लेकिन जैसे ही अतीक और अशरफ कोर्ट की बिल्डिंग में घुसे बड़ी संख्या में वकीलों ने नारेबाजी शुरू कर दी। अतीक और अशरफ को फांसी की मांग और मुर्दाबाद के नारे लगाए जाने लगे। यही नहीं वकीलों ने दोनों के साथ धक्का-मुक्की और गाली-गलौज भी किया। हालांकि पुलिसकर्मी किसी तरह से बचते-बचाते उन्हें कोर्ट के अंदर ले गए। सजा के ऐलान के बाद जब उन्हें जेल ले जाया जा रहा था तब भी वकीलों ने जमकर नारेबाजी की। यह वही कोर्ट थी जहां कभी पेशी के दौरान अतीक और अशरफ के साथ उनके समर्थकों का हुजूम रहता था और जिंदाबाद के नारे लगाए जाते थे।

### मुन्नी ने हरियाणा पुलिस को कर दिया बदनाम, 5 हजार रुपये के लिए महिला सब इंस्पेक्टर ने बेच दिया ईमान



हरियाणा पुलिस की महिला सब इंस्पेक्टर को विजिलेंस टीम ने 5 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। महिला सब इंस्पेक्टर को पकड़ने के करीब 3 घंटे बाद विजिलेंस टीम के अधिकारी मीडिया के सामने आए। विजिलेंस इंस्पेक्टर विजय कुमार ने बताया कि बवानीखेड़ा पुलिस थाने में रिकवरी के मामले में जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर मुन्नी देवी द्वारा रिश्वत मांगने की शिकायत मिली थी। हरियाणा के भिवानी जिले के बवानीखेड़ी पुलिस थाने में एक महिला का केस चल रहा था, जिसमें कुछ पैसे की रिकवरी करनी थी। आरोप है कि इसी रिकवरी की एवज में वहां तैनात और मामले की जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर मुन्नी देवी ने पांच हज़ार रुपये की मांग की। पीड़ित महिला ने हिसार विजिलेंस टीम को मामले की शिकायत दी। महिला की शिकायत पर हिसार और भिवानी विजिलेंस की संयुक्त टीम ने सब इंस्पेक्टर मुन्नी देवी को भिवानी लघु सचिवालय के पास 5 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

### झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्तियों का मामला

**रांची।** साल 2005 से 2007 के बीच झारखंड विधानसभा में करीब डेढ़ सौ लोगों की अवैध नियुक्ति का मामला कोर्ट पहुंच गया है। जिसमें जांच की मांग वाली जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट ने सुनवाई की। उच्च न्यायालय ने इस मामले में राज्य सरकार और विधानसभा सचिव से जवाब मांगा है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने विधानसभा सचिव से पूछा है कि इस मामले की जांच के बाद जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाले वन मैन कमीशन की रिपोर्ट पर क्या एक्शन लिया गया। कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा है कि जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की कमीशन की जांच में क्या आया है। उसके स्टेटस पर रिपोर्ट फाइल करें। पीआईएल दाखिल करने वाले शिवशंकर शर्मा के अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट को बताया कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमीशन बनी थी। इसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी थी। इसी के आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था। लेकिन वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। इस पर विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने कोर्ट को बताया कि मामले में विधानसभा की ओर से जवाब दाखिल किया गया है।

## मुद्दा

### सावरकर मुद्दे पर बीचबचाव करने उतरे शरद पवार, कांग्रेस ने दिए नरमी के संकेत

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा वीडी सावरकर की आलोचना से महाराष्ट्र विकास आघाड़ी गठबंधन में आए तनाव को कम करने के लिए शरद पवार सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने इस मुद्दे पर शिवसेना की चिंता कांग्रेस नेतृत्व को बताई है। कांग्रेस अध्यक्ष की ओर से सोमवार शाम बुलाई गई विपक्ष की बैठक में पवार ने यह मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सावरकर को निशाना बनाना महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन की मदद नहीं करेगा। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस ने सावरकर मुद्दे पर ऐहतियात बरतने का संकेत दिया है। मंगलवार को संजय राउत ने राहुल गांधी से मिलकर उन्हें अपनी पार्टी के रुख के बारे में बताया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तरफ से स्वातंर्त्य वीर विनायक दामोदर सावरकर पर की गई टिप्पणी को लेकर महाराष्ट्र की राजनीति में जबरदस्त उबाल देखने को मिल रहा है। एक तरफ जहां सावरकर के पोते रंजीत सावरकर ने राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की बात कही है रंजीत सावरकर ने राहुल गांधी पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने राहुल को चुनौती देते हुए वह दस्तावेज दिखाने को कहा जो साबित करे कि सावरकर ने अंग्रेजों से माफी मांगी थी। राहुल गांधी से ब्रिटेन में लोकतंत्र पर दिए बयान पर माफी की मांग की थी। इस पर उन्होंने कहा था कि वह सावरकर नहीं हैं और माफी नहीं मांगेंगे। उद्धव ने इस पर राहुल की आलोचना की थी और कहा था कि उनकी पार्टी सावरकर का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सरकारी बंगला खाली करने के नोटिस का मंगलवार को जवाब दिया।

### सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला सीलबंद

**नई दिल्ली।** एक दशक पहले सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज पर एक लॉ इंटर्न ने यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए थे। इसके बाद जज ने 5 करोड़ की मानहानि का केस कर दिया। अब दोनों के बीच मामले को लेकर समझौता हो गया है जिसके बाद केस से संबंधित सारे रेकॉर्ड सीलबंद कर दिए गए हैं। एग्रीमेंट के तहत इंटर्न ने दिसंबर 2013 में पूर्व जज के खिलाफ दिए अपने शिकायती पत्र को वापस लेने को तैयार हो गई। इस पत्र को उन्होंने तत्कालीन सुप्रीम कोर्ट के सेक्रेट्री जनरल को भेजा था। साथ ही उसने कहा कि भविष्य में पूर्व जज के खिलाफ कोई दावा या यौन उत्पीड़न के आरोप नहीं लगाएगी। जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्न ने 24 मार्च के अपने आदेश में एग्रीमेंट को संज्ञान में लेते हुए दिल्ली हाई कोर्ट के समक्ष लंबित मामले को खत्म कर दिया। पूर्व जज भी इस बात पर राजी हुए हैं कि वह भविष्य में इंटर्न के खिलाफ कोई दावा नहीं करेगा। दोनों पक्षों ने कोर्ट से सभी रेकॉर्ड सीलबंद करने का अनुरोध किया। शिकायतकर्ता और पूर्व जज के बीच समझौते में कहा गया है कि इसका न सिर्फ वे पालन करेंगे बल्कि उनके परिवार के सदस्य, एजेंट और वकील भी मानेंगे।

# गाजियाबाद में वर्क फ्रॉम होम के नाम पर ठगी

**गाजियाबाद।** वर्क फ्रॉम होम के बहाने ठगी का सिंडिकेट दुबई से चल रहा है। साइबर ठग पकड़ में आने से बचने के लिए रुपये चीन और हॉन्ग कॉन्ग के वॉलेट में ट्रांसफर कराते हैं। फिर उन रुपयों को क्रिप्टो करंसी में बदलकर निकाल रहे हैं। ठगी का पूरा गैंग मेसेजिंग ऐप टेलीग्राम से चल रहा है। गाज़ियाबाद पुलिस ने ऐसे करीब 200 ग्रुपों की पहचान की है। टेलीग्राम से उनकी जानकारी मांगी गई है। इसके साथ ही साइबर सेल अब लोगों को जागरूक भी कर रही है। साइबर ठगों के निशाने पर पढ़े-लिखे ऐसे लोग हैं, जो नौकरी की तलाश कर रहे हैं। एडीसीपी सच्चिदानंद ने बताया कि वर्क फ्रॉम होम के बहाने ठगी इस समय काफी हो रही है। लिंक भेजकर टेलीग्राम ग्रुप पर जोड़ा जाता है। ऐसे कई ग्रुपों की पहचान की गई है। उनकी जानकारी मिलते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

साइबर सेल के पास लगातार वर्क फ्रॉम होम के बहाने ठगी के केस पहुंच रहे हैं। अब तक जो मामले आए हैं, उनकी जांच में 200 से ज्यादा टेलीग्राम ग्रुपों की जानकारी मिली है। शुरुआती जांच में इन सभी ग्रुपों के संचालन का कनेक्शन दुबई, चीन और हॉन्ग कॉन्ग से मिला है। पुलिस के अनुसार, ठगी का यह ट्रेंड दुबई से ऑपरेट हो रहा है। रुपये ट्रांसफर कराने के लिए चीन और हॉन्ग कॉन्ग का ई-वॉलेट इस्तेमाल करते हैं। ई-वॉलेट से जिन बैंक खातों में रुपये ट्रांसफर होते हैं, उन्हें भी काफी सिक्योर और गुप्त रखा जा रहा है। सुरक्षा



एजेंसियां आसानी से पहुंच न सके, इसलिए ऐसे ई-वॉलेट में आई रकम से क्रिप्टो करंसी खरीदी जाती है। क्रिप्टो करंसी में ठगी की रकम कन्वर्ट होने की वजह से आसानी से ठगों तक पहुंच नहीं हो पा रही है। घर बैठे 5-6 हजार रुपये रोज कमाने का झांसा दिया जाता है। फिर कोई टास्क पूरा करने के लिए कुछ रुपये जमा करने के लिए कहते हैं। ई-वॉलेट में रुपये जमा करने के बाद टास्क जैसे ही पूरा होता है, ठग कुछ रकम वॉलेट में डाल देते हैं। लोग जब इसी रकम को निकालने का प्रयास करते हैं तो कई बहानों से उनसे रुपये डलवाए जाते हैं। कोरोना के बाद वर्क फ्रॉम होम और पार्ट टाइम जॉब की मांग बढ़ी है। नौकरीपेशा लोग भी अतिरिक्त कमाई के लालच में इनके जाल में फंस जाते हैं। साइबर सेल के पास अब तक करीब 300 केस इस तरह के आ चुके हैं। पिछले साल नवंबर में क्रॉसिंग रिपब्लिक की गौड़ ग्लोबल विलेज सोसायटी से साझी और सिद्धार्थ विहार की अपेक्स क्रिमलिन से हार्दिक की गिरने से मौत हुई थी। जांच में दोनों के इसी प्रकार के निवेश से जुड़े होने की जानकारी मिली थी। अब जांच में सामने आया है कि दोनों को एक ही गैंग ने ट्रैप किया था। उनसे निवेश के बहाने ठगी की थी। साइबर सेल की जांच में यह बात स्पष्ट हुई है। निवेश में मोटे मुनाफे की लालच में बीटेक स्टूडेंट्स ने काफी रकम ई-वॉलेट में ट्रांसफर कर दी थी।

## एक नजर...

### यूआईटी आरजीपीवी शिवपुरी में आपदा प्रबंधन भोपाल द्वारा दिया गया प्रशिक्षण

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे



शिवपुरी- सतनवाड़ा में स्थित इंजीनियरिंग संस्थान यूआईटीआरजीपीवी शिवपुरी में आपदा प्रबंधन विभाग भोपाल मध्य प्रदेश के उप निदेशक डॉ असित पात्रा जी एवं श्री अनुराग पचौरी द्वारा संस्थान के 150 से अधिक विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को औद्योगिक संस्थान में होने वाली आपदा की घटनाओं के कारण एवं बचने के तरीकों पर व्याख्यान दिया गयाढ्ढ साथ ही आपदा प्रबंधन शिवपुरी के प्लाटून कमांडर श्री मनीष श्रीवास्तव के साथ आई हुई टीम द्वारा आपदा प्रबंधन से जुड़े हुए संसाधनों के प्रत्यक्ष अवलोकन एवं उपयोग से छात्रों को अवगत कराते हुए आपदा के समय किस प्रकार जान-माल की रक्षा की जाए इस हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन भी आपदा प्रबंधन शिवपुरी की टीम द्वारा किया गयाढ्ढ आपदा प्रबंधन के भोपाल से पधारे हुए प्रशिक्षण दाताओं का संस्थान के संचालक डॉ राकेश सिंघई द्वारा स्वागत किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन डॉ नम्रता गुप्ता द्वारा किया गया।

### श्रीराम नवमी के अवसर पर प्राकट्य पर्व 30 मार्च को

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-जिला प्रशासन द्वारा संस्कृति विभाग के सहयोग से श्रीराम नवमी के अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्राकट्य पर्व का आयोजन 30 मार्च को सायं 7 बजे से गांधी पार्क मैदान शिवपुरी में किया जाएगा। समारोह में विशेष रूप से श्रीराम केंद्रित समूह नृत्य, भजन गायन की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कार्यक्रम में भक्ति गायन के लिए भोपाल की कीर्ति दुबे एवं उनके साथी गण, श्रीराम केंद्रित समूह नृत्य के लिए दिल्ली से समीक्षा शर्मा एवं उनके साथी गण तथा भक्ति गायन के लिए मथुरा से आस्था गोस्वामी एवं उनके साथीगण अपनी आकर्षक एवं मनमोहक प्रस्तुति देंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में आप सभी सादर आमंत्रित हैं। शहरवासी कार्यक्रम में शामिल होकर भजन संध्या का आनंद लें।

### संगठन का कार्य प्राथमिकता से करें: परमार

पुष्पांजलि टुडे पाली राजस्थान




रानी पाली। खोड मंडल की मंडल कार्यसमिति बैठक मंडल अध्यक्ष हुकम सिंह खरोकडा की अध्यक्षता में खेतलाजी मंदिर खौड में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष मंसाराम परमार संगठन वक्ता विधानसभा विस्तारक मदन सिंह राजपुरोहित मुख्य वक्ता रविकांत रावल मुख्य अतिथि दिनेश सिंह खिंदारा महामंत्री किसान मोर्चा ने मंडल कार्यसमिति की बैठक ली बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मंसाराम परमार ने बताया कि संगठन के कार्य को ईश्वरीय कार्य मानते हुए प्राथमिकता से प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने अपने बूथ पर करना चाहिए। जिससे संगठन को मजबूती मिले तथा आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिलते हुए विजय बनावे विधानसभा विस्तारक मदन सिंह राजपुरोहित ने संगठन के आगामी कार्यों को शीघ्र से शीघ्र पूरा कर संगठन के कार्य को करने के लिए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया मुख्य वक्ता रविकांत रावल ने आगामी कार्यक्रम तथा भाजपा की आगामी योजना के बारे में जानकारी दी। दिनेशसिंह खिंदारा ने पार्टी को मजबूत करने तथा आगामी संगठन के कार्य को शीघ्र से शीघ्र पूरा कर 5 अप्रैल तक जमा कराने के दिशा निर्देश दिए मंडल अध्यक्ष हुकमसिंह खरोकडा ने सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी गणों का स्वागत किया बैठक में जिला उपाध्यक्ष नरपत सिंह राजपुरोहित, मंडल महामंत्री धनाराम सीरवी, लता प्रकाश चंद्र उपाध्यक्ष नारायण सिंह राव मंडल मंत्री नितिन रायका कोषाध्यक्ष जगदीश सिंह पदाधिकारी गण मोर्चा के अध्यक्ष युवा मोर्चा सुरेंद्र सिंह राठौड़, किसान मोर्चा जेठाराम सीरवी, ओबीसी मोर्चा नवनियुक्त घेवर राम देवासी, एससी मोर्चा प्रकाश चंद्र राणावत, शक्ति केंद्र संयोजक शक्ति केंद्र प्रभारी, मालम सिंह मेड़तिया, सोहन सिंह भोपाजी, जगत सिंह शक्तावत, छोग सिंह, घनश्याम सिंह, ओटाराम, हरिराम दिनेश सिंह, पका राम, महावीर सुथार, केरा राम, वरदाराम, मनीष व्यास, सूरज वैष्णव, दुर्गेश सिंह, मोतीलाल, मोहनलाल, चंदन सिंह, सकाराम जनवा आदि कार्यकर्ता बुथ अध्यक्ष उपस्थित थे

### दलित विधवा महिला के घर से लाखों रुपए के गहने व नगदी चोरी पिछले 15 दिनों से विधवा महिला लगा रही है थाने के चक्कर

**महिला कांग्रेस सेवा दल जिला अध्यक्ष गोगा देवी नायक से मिला पीड़ित परिवार न्याय का दिलाया भरोसा**

पुष्पांजलि टुडे पाली राजस्थान



रायसिंहनगर के मुकलावा थाना क्षेत्र के गांव डाबला मैं पिछले 14 मार्च को हुई घर में चोरी विधवा महिला राममूर्ति पत्नी ओम प्रकाश ,ने अपनी बेटी की शादी के लिए पाई पाई जोड़ कर बनाए थे गहने जिसको अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े पार किए क्योंकि पीड़ित परिवार दिन के समय दिहाड़ी मजदूरी करने के लिए गया हुआ था घर से बाहर जिसके चलते चोरों ने किए हाथ तो वही पीड़ित परिवार ने कराया मुकलावा थाना में मुकदमा दर्ज परंतु घटना के 14 दिन बीत जाने के बाद भी नहीं मिला न्याय जिसके चलते पीड़ित परिवार ने महिला कांग्रेस सेवा दल जिला अध्यक्ष गोगा देवी नायक को घर बुलाकर अपनी समस्याएं बताई तो वही गोगा देवी नायक ने जल्द ही न्याय दिलाने की बात कही तो वही न्याय नहीं मिलने पर 2 दिन बाद ही थाने की घेराव की चेतावनी दी जिसके चलते गांव के लोगों में भारी रोष है क्योंकि लगातार पुलिस प्रशासन पीड़ित परिवार की बात को डालता आ रहा है और परिवार जिस व्यक्ति पर शक जाहिर कर रहा है उसको बचाने का काम कर रही है जिसके चलते आंदोलन की चेतावनी दी इस मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण में महिलाएं मौजूद रही।

# खनियाधाना पुलिस ने पकड़ी लगभग 5 लाख की शराब व शराब बनाने की फैक्ट्री को किया नष्ट

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह भदोरिया द्वारा रेत माफिया, शराव माफिया, जुआ सट्टा चलाने वाले. मादक पदार्थ की विक्री करने वालों के विरूध्द कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था, उक्त आदेश के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया, एस.डी.ओ.पी महोदय पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में दिनांक 28.03.2023 की रात्री मे थाना खनियाधाना पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम नदनवारा मे बगदर नदी के किराने कटारिया के आम के पेड़ के पास चार्ली पुत्र साहवसिंह ठाकुर एवं प्राणसिंह पुत्र कल्याण सिंह निवासी नदनवारा, अवधेश पुत्र खुमान सिंह निवासी ग्राम नोहरा के अवैध रुप से देशी हाथ भट्टी की फैक्टरी लगाकर शराव उतार रहे है उक्त सूचना पर से फोर्स के साथ बगदर नदी के किनारे कटारिया के आम के पेड के पास दविस दी तो बहां पर दो भट्टियां लगी हुई थी आग जल रही थी तथा तीन लोग बैठे हुए शरा निकाल रहे थे जैसैं ही पुलिस मौके पर पहुंची तो तीनों व्यक्ति भागने लगे जिनमे से एक व्यक्ति को पुलिस फोर्स की मदद से घेरकर पकडा तथा दो व्यक्ति अंधेरे एवं नदी व झाडियों का लाभ उठाकर भाग गये जिनका पीछा किया गया किंतु पकड मे नहीं आ सके । पकडे गये व्यक्ति का नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम अवधेस पुत्र मानसिंह उम्र 50 साल निवासी ग्राम नोहरा थाना खनियाधाना का होना बताया तथा भागे हुए दो व्यक्तियों का नाम पता



पूछा ता उसने उनके नाम चार्ली पुत्र साहवसिंह ठाकुर एवं प्राणसिंह पुत्र कल्याण सिंह निवासी नदनवारा के होना बताया तब उससे भागने का कारण पूछा तो उसने बताया कि हम तीनो मिलकर गुड खरीद कर उसका लहान तैयार करते हैं उसमे यूरिया डालकर शराब तैयार करते हैं तथा तीनो शराब को विक्री कर खर्चा निकालकर पैसों को आपस मे बराबर बराबर बांट लेतें हैं आज भी हम शराब उतार रहैं तथा पुलिस से पकडे जाने के डर के कारण हम तीनो भागने लगे थे आरोपी के कब्जे से तीन प्लास्टिक की कैनो मे करीब 50-50 लीटर कुल 150 लीटर हाथ भट्टी की बनी हुई कच्ची शराव ,06 ड्रम प्लास्टिक के 200-200 लीटर के तथा दो गड्डो मे गुड का लहान करीब 5000 लीटर भरा था जिसे मौके पर नष्ट किया 02 ड्रम लोहे के 03 डेकचा सिलवर के 02 कट्टी 15 लीटर की खाली, 02 प्लास्टिक की लेजम 05 किलो यूरिया कुल कीमती करीबन 5 लाख रुपये बरामद किया तथा उक्त आरोपीगण के विरूध्द धारा 34 (1) ,34(2), 49(क) आबकारी एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया पकडे गये आरोपी से अन्य आरोपियो के सम्बंध मे पूछताछ की जा रही है।

**बरामद माल -** तीन प्लास्टिक की कैनो मे करीब 50-50 लीटर कुल 150 लीटर हाथ भट्टी की बनी हुई कच्ची शराव ,06 ड्रम प्लास्टिक के 200 लीटर के तथा दो गड्डो मे गुड का लहान करीब 5000 लीटर भरा था जिसे मौके पर नष्ट किया 02 ड्रम लोहे के 03 डेकचा सिलवर के 02 कट्टी 15 लीटर की खाली ,02 प्लास्टिक की लेजम 05 किलो यूरिया कुल कीमती करीबन 5 लाख रुपये

**इनकी रही भूमिका:** उक्त कार्यवाही मे निरी. सुरेश शर्मा, उनि अशोकबाबू शर्मा , सउनि अरूण कुमार वर्मा, आर. 363 जयवीर गुर्जर, आर.621 बनवारी, आर.781 हेमसिंह, आर.930 मंजीत, आर.1046 वलराम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## घर से बिना बताये चले जाने पर नाबालिग बालिका को भोपाल से किया कोतवाली पुलिस ने दस्तयाब

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिंह भदौरिया द्वारा शिवपुरी के समस्त थाना प्रभारियों एवं अधिकारियों को ये निर्देश दिये जा रहे हैं कि लंबित अपराधों के निराकरण हेतु जल्द से जल्द कार्यवाही करें एवं गुमशुदा नाबालिग बालक बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु कार्यवाही करें। इसी तारतम्य में कार्यवाही करते हुये पुलिस थाना कोतवाली द्वारा घर से बिना बताये कहीं चले जाने पर नाबालिग बालिका को भोपाल से दस्तयाव किया है। फरियादिया द्वारा 23 फरवरी को थाने आकर रिपोर्ट किया कि मेरी 15 साल की नाबालिग बालिका बिना बताये कहीं चली गई है, लगता है कोई मेरी लड़की को बहला फुसला कर ले गया है। उक्त रिपोर्ट पर से थाना कोतवाली पर अपराध क्रमांक 121/2023 धारा 363 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका की दस्तयाबी के लिए भरसक प्रयास किये गये। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा बालिका की दस्तयाबी हेतु 2000 रुपये के इनाम की घोषणा की गई थी।

अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी प्रवीण कुमार भूरिया, एसडीओपी शिवपुरी अजय भार्गव के मार्गदर्शन मे सूचना प्राप्त हुई की नाबालिग बालिका की लोकेशन भोपाल में है, सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम बनाकर भोपाल रवाना किया गया जो गतदिवस 28 मार्च को इस्लामी दरबाजा के पास से नाबालिग बालिका को दस्तयाब किया गया एवं सुरक्षित शिवपुरी लाया गया है। पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका से घटना के संबंध मे जानकारी ली जा रही है जिसके आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरी. अमित भदौरिया, उनि. सुमित शर्मा, उनि. भावना राठौड़, आर. शिवान्शु यादव, आर. भूपेन्द्र यादव, म.आर. रश्मि भार्गव की सराहनीय भूमिका रही।

## पुलिस थाना पिछोर ने ग्राम सेमरी में देर रात अपने पिता और भाइयों के साथ मारपीट कर उपद्रव करने वाले बदमाश को गिरफ्तार कर भेजा जेल

राकेश परिहार पिछोर दैनिक पुष्पांजलि टुडे



पिछोर। पुलिस अधीक्षक रघुवंश कुमार सिंह भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया, एसडीओपी पिछोर प्रशांत कुमार शर्मा के निर्देशन में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही का अभियान चलाया जा रहा है इसी तारतम्य में थाना पिछोर टी आई गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस थाना पिछोर की टीम ने ग्राम सेमरी में अपने पिता देवलाल व भाई रिंकेश व सतेंद्र की मारपीट करने वाले बदमाश जीतू प्रजापति निवासी ग्राम सेमरी को गिरफ्तार किया । कल देर रात जीतू प्रजापति ने अपने पिता देव लाल ,भाई रिंकेश व सतेंद्र की मारपीट जमीन के बंटवारे को लेकर कर दी थी। पुलिस ने सूचना मिलने पर उसे तत्काल धारा 151 जाब्ता फौजदारी में गिरफ्तार किया व एसडीएम कोर्ट पिछोर पेश किया जहां से उसे उप जेल पिछोर में भेज दिया है। थाना पिछोर की टीम में एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान, नरेंद्र यादव प्रधान आरक्षक संतोष यादव, आरक्षक बचान सिंह तोमर, रूपेंद्र सिंह यादव , गौरव जाट, ब्रजराज व भूपेंद्र शामिल रहे।

## होम गार्ड जवान के अंधे कत्ल का पुलिस ने चंद घंटों में किया खुलासा

**टीआई त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने हत्या के चार आरोपियों को किया गिरफ्तार**

मौरेना केसरी
भोपाल जिला ब्यूरो

बैरसिया।। सोमवार सुबह थाना बैरसिया इलाके के नरेला बाज्यापत गांव के रहने वाले होमगार्ड जवान की हत्या के मामले का चंद घंटों में बैरसिया पुलिस ने खुलासा कर दिया पुलिस ने बताया कि फरियादी लोकेंद्र सिंह पिता शक्ति सिंह राजपूत जो मृतक का भतीजा है से सूचना मिली कि उसके चाचा का शब टिकन खेड़ी नाले के पास पड़ा है शरीर में चोट के निशान हैं और कपड़े वर्दी खून में लथपथ है सूचना पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया मामले की गंभीरता देखते हुए पुलिस महा निरीक्षक देहात अभय सिंह के मार्गदर्शन व पुलिस अधीक्षक देहात किरण लता किरकेट्टा व अनुविभागीय अधिकारी देहात मंजू चौहान के निर्देशन में थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने तत्काल पुलिस टीम गठित कर मामले की पड़ताल शुरू की इस दौरान बारीकी से पूछताछ व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पता चला कि हीरा कुशवाह पिता खेमचंद कुशवाहा राजू कुशवाह पिता खेमचंद कुशवाह निवासी टिकन खेड़ी से मृतक के परिवार के साथ पुराना विवाद हैं साथ ही हीरा कुशवाह




अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है जो कुछ माह पूर्व ही जेल से जमानत पर आया है घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण करने पर आरोपी हीरा कुशवाह के घर के सामने से मिट्टी से सना हुआ रक्त व मृतक का जूता मिलने से संदेह हुआ बाद दौरान विवेचना आरोपी हीरा कुशवाह राजू कुशवाहा से बारीकी से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि 27 मार्च करीब रात 8-30 बजे हम चार लोग हीरा कुशवाहा राजू कुशवाहा जगदीश कुशवाहा पिता गंगाराम कुशवाह सोनू कुशवाह पिता हमीर सिंह निवासी टिकन खेड़ी हीरा कुशवाह के घर के सामने खड़े थे तभी मुरम वाले कच्चे रास्ते से भूपेंद्र सिंह आता दिखाई दिया अकेले होने की वजह से वह पुरानी रंजिश की वजह से हीरा कुशवाह ने ईंट उठाकर मृतक के सिर पर मारी चोट लगने से मृतक नीचे गिर गया उसके बाकी साथी जगदीश, सोनू, राजू ने डंडा ईंट व लात घूसों से मृतक के साथ मारपीट की व उसे घसीट कर पास से बने श्मशान घाट ले गए फिर ईंट से मृतक के चेहरे पर बार किए और जब यकीन हो गया कि भूपेन्द्र सिंह की मृत्यु हो गई तो उसे घसीट कर नाले में फेंक दिया चारों आरोपीयों को गिरफ्तार कर लिया गया जिन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## उप जिला कलेक्टर पदभार ग्रहण करने पर जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत

पुष्पांजलि टुडे। पाली राजस्थान

रायसिंहनगर- उप जिला कलेक्टर जुईकर प्रतीक चंद्रशेखर जी के रायसिंहनगर में पद भार ग्रहण करने पर महिला सेवा दल जिला अध्यक्ष गोगा देवी नायक पंचायत समिति सदस्य दर्शन सिंह बावरी, किशोर बारूपाल, गुरदीप कौर निशान सिंह बावरी समाज उप जिलाध्यक्ष, कश्मीर सिंह तहसील अध्यक्ष, महिला तहसील अध्यक्ष प्रीतम



कौर सहित बधाई के साथ शुभकामनाएं व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी सभी सम्मानित सदस्यों को उप जिला कलेक्टर के द्वारा कल मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कल ऑनलाइन वीसी 11-00 बजे आने के लिए आग्रह किया और कहां ज्यादा से ज्यादा संख्या में ग्रामीणों को लेकर आए और सरकार की योजनाओं के बारे में बताएं ताकि लोग योजनाओं का लाभ उठा सकें इसके बारे में विचार विमर्श किया।

# कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार के जरिये कांग्रेस अपने नेताओं की तिजोरी भरने का काम कर रही है: संदीप शर्मा

ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार का गढ़ बना चुके 36 प्रकार के भ्रष्टाचारियों के मुखिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश कांग्रेस जब चाहे राहुल गांधी के लिए दिल्ली में स्थायी और भव्य बंगले का इंतजाम कर सकती है। श्री शर्मा ने कहा है कि मानहानि मामले में 2 साल की सजा के बाद सांसद राहुल गांधी की सदस्यता खत्म होने पर सरकारी बंगला खाली कराने की मिली नोटिस पर कांग्रेसी नेताओं के बयान सियासी स्यापा ही है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री शर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री बघेल की कांग्रेस सरकार ने साढ़े 4 साल में भ्रष्टाचार और घोटालों का जैसा सिलसिला चला रखा है उससे प्रतीत हो रहा है, कि मुख्यमंत्री बघेल ने मंत्रिमंडल में विभागों का बंटवारा जनता के हित के लिए नहीं, अपितु भ्रष्टाचार के स्रोतों के लिए कर रखा है। श्री शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में माफिया राज कायम करके प्रदेश सरकार ने ऐसे किसी काम या योजना को नहीं बख्शा है जिसमें भ्रष्टाचार और घोटाला नहीं हुआ। शराबबंदी के नाम पर गंगाजल हाथ में लेकर कसमें खाने वाली कांग्रेस सरकार के राज



में जनता को शराब की ऐसी लत लगी कि घर-घर शराब पहुंचा कर उसमें कमीशनखोरी के जरिए कांग्रेस के लोगों ने तिजोरियां भरने का काम किया। जरूरतमंद लोगों को कोरोना काल में केंद्र सरकार द्वारा गरीबों को वितरित करने के लिए आवंटित अनाज में हेराफेरी करने तक में इस सरकार को हिचक नहीं हुई। प्रदेश की राशन दुकानों में पकड़ी जा रही हजारों टन चावल हेरा-फेरी इसकी तस्दीक कर रही है। चावल में प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने 5,127 करोड़ रुपए का घोटाला किया। केन्द्र ने 3.80 करोड़ क्विंटल चावल दिया और उसमें से डेड़ करोड़ क्विंटल चावल गायब हो गया! भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री शर्मा ने कहा है कि किसानों के नाम पर कर्ज पर कर्ज लेकर किसानों पर खर्च करने में कृपण प्रदेश सरकार को यह भी बताना चाहिए कि लगभग 61000 करोड लिए गए कर्ज की बाकी राशि कहां-कहां खर्च हुईड़ छत्तीसगड़ कांग्रेस का एटीएम क्या अन्य प्रदेशों में चुनाव के लिए यह राशि अपने आकाओं की सत्ता पिपासा में खर्च कर रही हैड़ क्या यही राशि दलालों भ्रष्टाचारी अफसरों व नेताओं के यहां से बरामद हो रही हैड़ उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जिस तरह भ्रष्टाचारियों को बचाने में लगी हुई है इससे यह सवाल खड़ा होता है कि क्या भ्रष्टाचार और घोटालों का पैसा इन्हीं दलालों, अफसरों और नेताओं के पास से निकल रही है और प्रदेश के मुख्यमंत्री बदहवास होकर बार-बार ईडी और केन्द्रीय जांच एजेंसियों पर बेबुनियाद आरोप लगा रहे है। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की प्रदेश सरकार के कार्यकाल में गोबर और वर्मी कंपोस्ट घोटाला तक हो गया है जिससे आर्थिक बदहाली का जब तक रोना रोती प्रदेश सरकार ने अपने लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए वर्मी कंपोस्ट लिए बिना ही लगभग 50 ड़ीसदी अग्रिम भुगतान कर दिया। उन्होंने कहा कि कोयले की दलाली में अपना हाथ काला कर चुकी कांग्रेस और उसकी प्रदेश सरकार के राज में रेत, जमीन, शराब आदि में अरबों का स्टार्टअप चला रहे हैं ऐसी स्थिति में छत्तीसगड़ कांग्रेस जब चाहे दिल्ली में राहुल गांधी के लिए स्थायी और भव्य बंगले का इंतजाम कर सकती है।

# भाजपा जिला कार्यालय पर सहकारिता,एनजीओ, विधि, संस्कृत प्रकोष्ठ की संयुक्त बैठक संपन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे बूथ विस्तारक अभियान के तहत भाजपा जिला कार्यालय पर संस्कृत प्रकोष्ठ, एनजीओ प्रकोष्ठ, विधि प्रकोष्ठ, सहकारिता प्रकोष्ठ की अलग-अलग बैठकें आयोजित की गई । जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने प्रदेश नेतृत्व के मंशा अनुसार बूथ विस्तारक अभियान को लेकर चर्चा की। भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने प्रकोष्ठ की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के परिश्रम से दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है भाजपा के देश में सबसे अधिक जनप्रतिनिधि है आज पार्टी पूरे देश में मजबूती के साथ खड़ी है जो राज्य छूट गए हैं उनमें अबे जल्दी ही भाजपा की सरकार बनेगी आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए सबसे ज्यादा जरूरी है कि हमारी प्राथमिकता इकाई मजबूत बने। अपने-अपने विधानसभाओं में आगामी संगठनात्मक कार योजना को लेकर प्रवास करें।उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे बूथ विस्तारक अभियान 2 के मैं बूथ के सभी कार्यकर्ता



जोड़कर पार्टी 22 कारों को प्रत्येक बूथ पर सफलता के साथ पहुंचाना है हमारा भूत मजबूत होगा उन्होंने कहा कि भूत हमारी निरंतर चलने वाली का ही है उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा चलाई जा रही जन हितेषी योजनाओं को लाकर घर-घर दस्तक देकर बताएं भाजपा सरकार ही सबका विश्वास सबका साथ सबका विकास । प्रत्येक कार्यकर्ताओं को हितग्राही और समाज के बीच पहुंचकर पार्टी की विचारधारा केंद्र और राज्य सरकार की जन हितैषी योजनाओं का लाभ आमजन को दिलाना ही उनके दायित्व की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

बैठक में जिला कार्यालय मंत्री आरबी सिंह बघेल एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यालय प्रभारी उपेंद्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह भदौरिया, जिला मंत्री उपेंद्र राजौरिया, संस्कृत प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक मनोज अनंत, सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक भुजबल सिंह तोमर, विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एडवोकेट केपी राठौर, संस्कृत प्रकोष्ठ के संयोजक संजीव नायक, एनजीओ प्रकोष्ठ के संयोजक नीरज शर्मा श्रीमती उमा कुशवाह, अरविंदर सिंह भदौरिया, प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## भय क्रोध और चिंता से मुक्त जीवन और शांति मनुष्य के लिए संभव है: प्रेम रावत



प्रेम रावत अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सबसे ज्यादा पसंद किये जाने वाले बेस्ट सेलिंग लेखक हैं जिन्होंने''शांति संभव है'' जैसी किताबें लिखी हैं। प्रेम एक पायलट भी हैं जिन्हें14,500घंटे से अधिक की उ?ान का अनुभव प्राप्त है। इसके अलावा वे एक फोटोग्राफर और पुरानी कारों को ठीक करने का शौक भी रखते हैं। वे एक पारिवारिक व्यक्ति हैं, उनके चार बच्चे और चार नाती-पोते हैं। टाइमलेस टुडे के बारे में टाइमलेस टुडे एक मल्टी-मीडिया कंपनी है। यह मोबाइल आधारित सब्सक्रिप्शन ऐप के माध्यम से, समय की सीमा से परे, एक विलक्षण संदेश लोगों तक पहुंचा रही है। यह ऐसी उत्कृष्ट सामग्री उपलब्ध कराती है जो स्वयं को जानने और व्यक्तिगत शांति की खोज में रूचि रखने वाले किसी भी व्यक्ति को प्रेरित और मार्गदर्शन कर सकती है।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आज इंदरगढ़ एबीवीपी ने पीजी कॉलेज महाविद्यालय में एसएफएस के माध्यम से मटके रखवाये जिसमें

**पुष्पांजलि टुडे विवेक सेन पत्रकार इंदरगढ़**





छोटू चौहान,नगर मंत्री, सुमित सेन, सह मंत्री ध्रुव नीखर, अभिषेक योगी पीजी कॉलेज अध्यक्ष सुब्बी भदोरिया, अनामिका रजक, खुशी अहिर्बर, विवेक सेन, जिला मीडिया प्रभारी राहुल सेन, एबीपी के आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अम्बाह पुलिस ने एक आरोपी को अवैध 315 लोडेड कट्टे सहित जिंदा राउण्ड के साथ पकड़ा

**केशब पंडित जी अम्बाह**



अम्बाह। पुलिस अधीक्षक मुरैना आशुतोष बागरी व अति. पुलिस अधीक्षक रायसिंह नरवरिया के निर्देशन में तथा एसडीओपी अम्बाह परमाल सिंह मेहरा के मार्ग दर्शन में अवैध हथियारों की धर पकड़ हेतु अभियान के तहत आज दिनांक 29.03.23 को दौराने वाहन चैकिंग की जा रही थी पुलिस चैकिंग को देखकर एक व्यक्ति डायवर्सन रोड तरफ भागने लगा चैकिंग में हम राही फोर्स की मदद से उक्त व्यक्ति को गल्ला मण्डी गेट डायवर्सन रोड़ पर पकड़ा उक्त व्यक्ति की विधिवत् तलाशी ली गई तो उसके कमर में बांयी तरफ एक 315 बोर का लोडेड कट्टा मय जिंदा राउण्ड के खुर्शे मिला उक्त आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत् कार्यवाही की गई।

**सराहनीय भूमिका**-घटना संबंधी घटनाओं में थाना प्रभारी विनय यादव, उनि. पंकज यादव, ह्यद्ब. विवेक तोमर, प्रधान आर. बसन्त साहू, प्रधान आर. महेन्द्र भदौरिया, आरक्षक पुष्पेन्द्र, आरक्षक जोगेन्द्र भदौरिया की भूमिका रही हैं।

# महिला मोर्चा सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाएगा: सरोज जोशी

### दतिया जिले के सभी मंडलों में महिला मोर्चा हितग्राही बहनों के साथ चलाएगी सेल्फी अभियान

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**दतिया** । भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दतिया जिले की प्रभारी श्रीमती सरोज जोशी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा के निर्देशानुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया के आदेश अनुसार मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के 3 साल बेमिसाल को लेकर 31 मार्च को दतिया जिले के सभी मंडलों पर सभी मंडल अध्यक्ष बहनों को हितग्राही बहनों के साथ मीटिंग रखनी है बैठक में सभी उन बहनों को इनवाइट करना है जिनको, उज्जवला योजना प्रधानमंत्री आवास योजना लाडली लक्ष्मी योजना लाडली बहना योजना विधवा पेंशन योजना वृद्धावस्था पेंशन योजना जैसी अन्य योजनाओं का लाभ हमारी सरकार के द्वारा, बहनों को मिला है सभी मंडल अध्यक्ष बहनों, से निवेदन है कि जिन बहनों ने अभी तक अपनी कार्यकारिणी गठित नहीं की हो वह बहने की अति शीघ्र अपनी कार्यकारिणी का गठन कर



महिला जिला अध्यक्ष बहन किरण गुप्त को अवगत कराएं और एक कॉपी मुझे भेजें जिससे मै मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया, दीदीको जी अवगत करा सकूं। बहनों यह चार 5 महीने हम सभी बहनों के लिए अति महत्वपूर्ण है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना करें क्योंकि हमारा मिशन 2023 अबकी बार 200 पार मैं हम सभी बहने सहयोग करेंगी बहनों 31 मार्च को, दतिया एक दिन प्रवास पर मै भी रहूंगी। सभी जिला पदाधिकारी, एवं मंडल अध्यक्ष 31 मार्च को होने वाले कार्यक्रम की तैयारी कर ले। बहन जिला अध्यक्ष किरण गुप्ता ने जिले की कार्यकारिणी में से जिन बहनों को मंडल प्रभारी बनाया है उन बहनों से मेरा निवेदन है कि आप अपने प्रभार वाले मंडल में सक्रिय होकर मंडल की बैठक में उपस्थित रहे ।

## संयुक्त मोर्चा ने मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

### मुख्यमंत्री द्वारा लाडली बहना योजना की वीडियो कान्फ्रेंस में अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की संयुक्त मोर्चा ने मांग की



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । महिला एवं बाल विकास का संयुक्त मोर्चा संघ जिसमें परियोजना अधिकारी संघ, पर्यवेक्षक संघ एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता - सहायिका संघ शामिल हैं। उक्त तीनों केडर के अधिकारी कर्मचारी पूरे प्रदेश में दिनांक 15 मार्च 2023 से अनिश्चित कालीन सामूहिक अवकाश पर हैं एवं शांतिपूर्ण तरीके से ध्यान आकर्षण द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी म0प्र0 शासन का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास कर रहे है इसकी पूर्व सूचना उपरोक्त संदर्भित पत्रों द्वारा प्रमुख सचिव महोदय, आयुक्त महोदय, महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल को दी गई है,इसी प्रकार की सूचना संभागीय कमिश्नर व कलेक्टर को पूर्व से ही दी जा चुकी है। विगत तीन वर्षों से मुख्यमंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग के मंत्री भी हैं लेकिन संयुक्त मोर्चा संघ के प्रतिनिधिमंडल को अपनी लंबित मांगों के संबंध में समक्ष में मुलाकात का समय नहीं दिया गया है। जिससे प्रदेश के उपरोक्त तीनों संघों में असंतोष एवं निराशा व्याप्त है। दिनांक 28 मार्च 2023 को मुख्यमंत्री द्वारा लाडली बहना योजना की वीडियो क्रान्फेन्स समीक्षा के दौरान जिलों में कम प्रगति होने पर महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता - सहायिका के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं, इस संबंध में संयुक्त मोर्चा ने कहा कि उक्त तीनों केडर के अधिकारी - कर्मचारी पूरे प्रदेश में 15 मार्च 23 से सामूहिक अवकाश पर हैं,अतः कृपया आपसे विनम्र अनुरोध है कि बिना पूर्व सुनवाई कि किसी के विरूद्ध भी कार्यवाही नहीं की जावे। कार्यवाही होने की स्थिति में संयुक्त मोर्चा के परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता - सहायिका द्वारा सामूहिक इस्तीफा दिये जाने पर विचार किया जावेगा एवं संभाग स्तर पर सामूहिक रूप से परिवार सहित धरना दिया जावेगा एवं ऐसी स्थिति में शांतिपूर्वक आंदोलन यदि उग्र या अनियंत्रित होता है तो संयुक्त मोर्चा संघ की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। संयुक्त मोर्चा ने कहा कि सहानुभूतिपूर्वक लंबित मांगों को शासन स्तर पर जानकारी दी जाकर निराकरण कराया जाए ।

## आज ग्राम असोहना मौ में शिवपाल सिंह गुर्जर (पंचायत सचिव) के निधन पर अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य पहुंचे दुखद परिवार के बीच शोक संवेदना व्यक्त करने

**पुष्पांजलि टुडे, डॉ. बेताल सिंह गौड़**

*मौ। असोहना में स्वः श्री शिवपाल सिंह गुर्जर (पंचायत सचिव) के निधन पर उनके दुखद परिवार के बीच शोक संवेदनाएं व्यक्त करने पहुंचे भाजपा पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र गुर्जर, मंडल अध्यक्ष गोपाल कुशवाहा, रामू कुशवाहा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुराज गुर्जर, अमित गुर्जर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष धोरी यादव एवं भाजपा के कई नेता सम्मिलित हुए।*



## जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षण साम्रगी का वितरण

**पुष्पाजंली टुडे**



**बेंगलुरू।** भारतीय धार्मिक मतू कार्मिक हित रक्षण वेदिके द्वारा बालकृष्णा रंगमंदिरा मैदान राजा राजेश्वरी नगर मैं आयोजित राजा राजेश्वरी नगर हब्बा सांस्कृतिक कार्यक्रम में जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में सेवा देने वाले साधकों को सम्मानित किया गया एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों में शिक्षण सामग्री वितरित की गई ।

## किसानों से की जा रही वसूली होगी स्थगित,ब्याज भरेगी सरकार : विजय दैपुरिया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड। मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी सरकार का नेतृत्व कर रहे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं इससे किसानों को राहत मिलेगी। यह बात भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय दैपुरिया ने कही। उन्होंने बताया कि कृषि कार्य के लिए सहकारी समितियों से लिए गए ऋ़ण (किसान क्रेडिट कार्ड) को चुकाने की अंतिम तिथि आज 28 मार्च को खत्म होने वाली थी। मध्यप्रदेश कैबिनेट की बैठक हुई। कैबिनेट की बैठक में किसानों को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। जिसमें किसानों से वसूली स्थगित रहेगी, स्थगित वसूली का ब्याज मध्य प्रदेश की किसान हितेषी सरकार भरेगी। ब्याज चुकाने की अवधि को 30 अप्रैल तक बढ़ाया गया है। सेवा सहकारी समितियों के अल्पकालीन फसली ऋ़ण की निर्धारित अंतिम देय तिथि बढ़ाए जाने पर किसानों में खासा उत्साह है। किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश मैं किसान हितेषी सरकार ने अंतिम तिथि बढ़ाए बढ़ाई जाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के किसानों के बेटा वीडियो को ड्रोन चलाने की ट्रेनिंग देने का प्रस्ताव भी स्वीकृत किया है। जिल किसानों की ओर से किसान हितैषी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल सहित प्रदेश सरकार की सम्पूर्ण कैबिनेट का आभार व्यक्त किया।

## महिलाएं लाड़ली बहना योजना का लाभ उठाकर अपनी जरूरतें पूरी करें : अंकित दुबे

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड ।** नवांकुर संस्था चौधरी रूप नारायण दुबे समाज कल्याण समिति द्वारा वार्ड में पहुंचकर मध्य प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं के लिए संचालित की जा रही लाड़ली बहना योजना 2023 के तहत राज्य की गरीब ब मध्यम वर्गीय परिवार की महिलाओं को शासन हर महीने 1हजार रूपए दिए जायेंगे। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को 1 साल में 12 हजार रूपए और 5 वर्ष में 60 हजार रूपये दिए जायेंगे। इस सहयता राशि को प्राप्त कर महिलाएं अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए खर्च कर सकेंगी। संस्था के कार्यकर्ता अंकित दुबे ने महिलाओं को लाड़ली बहना योजना की पात्रता क्या है, इसका लाभ केसे लें, कितनी राशि मिलती है, ओर रजिस्ट्रेशन केसे करें आदि के बारे मैं विस्तृत जानकारी दी और उनके फार्म भरकर पंजीयन कराया।

## कापसी में पाँच दिवसीय गणगौर महोत्सव का मंगलवार शाम विशाल चल समारोह के साथ हुआ समापन

**पुष्पाजंली टुडे**

कुक्षी ्कापसी ग्राम कापसी में पांच दिवसीय गणगौर महोत्सव का समापन मंगलवार को विशाल चल समारोह के साथ नदी तट स्थित गणगौर घाट पर संपन्न हुआ। गणगौरी तीज से सप्तमी तक पाँच दिवसीय इस महापर्व पर ग्राम में विशेष उल्लास दिखा। सिर्वी समाज का प्रमुख पर्व होने से समाज जनों द्वारा प्रतिदिन सज धज कर विभिन्न कार्यक्रम के साथ ही लोक नृत्य डांडिया, गणगौर नृत्य व बढ़ी पाती मे मनोरंजक कार्यक्रमो की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। महिलाओं द्वारा घर-घर गीत गाए जा कर तंबोल प्रसादी का वितरण किया गया। इस बार पूर्व वरिष्ठ पंच मांगीलाल लछेटा मुंशी एवं राजू कोटवाल परिवार द्वारा माताजी को रात्रि विश्राम हेतु रोके जाने से मंगलवार शाम को गणगौर का विसर्जन हुआ। विशाल चल समारोह मंगलवार शाम 5 बजे राजू



खेमाजी कोटवाल के यहां से निकला। जिसमें सुसज्जित 101 गणगौर प्रतिमाओं के रथ शामिल थे। ढोल की थाप पर बालिकाएं महिलाएं व नवयुवक अपने सिर पर गणगौर लिए समारोह में कतार बद्ध चल रहे थे। चल समारोह ग्राम के प्रमुख मार्ग सिर्वी चोक, कचहरी चोक, गढ़वाल चोक,डीपी मोहल्ला होते हुए स्थानीय नदी तट पर स्थित गणगौर घाट पहुंचा। जहां गणगौर माता के जवारो का विसर्जन पूजन अर्चन कर किया गया। विसर्जन समारोह में ग्राम के सभी वर्ग के लोग बड़ी संख्या में शामिल होकर नम आंखों से माता को विदाई देते हुए कृषि एवं अपने अपने व्यवसायिक क्षेत्र में उन्नति की कामना की। विसर्जन समारोह किसी मेले से कम नहीं दिखाई दे रहा था। पर्व के दौरान सिर्वी समाज सकल पंच, गढ़वाल परिवार, राम मंदिर क्षेत्र सिर्वी समाज भक्त मण्डल आदि ने सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी स्वरूप शीतल पेय रसना, कुल्फी, अंगूर आदि की व्यवस्था कर धर्म लाभ के सहभागी बने। गणगौर महोत्सव के आयोजन में सिर्वी समाज सकल पंच, महिला मंडल, नवयुवक मंडल के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। पर्व के सुखद समापन पर सिर्वी समाज सकल पंचों ने सभी सहयोगी दाताओ के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सम्पादकीय

### राहुल पर कार्रवाई की इतनी जल्दबाजी क्यों?

*जिस तरह से मानहानि केस में राहुल गांधी के ऊपर कार्रवाई जल्दबाजी में की जा रही है, पहले सांसद सदस्यता खत्म और उसके बाद बगला खाली करने के लिए नोटिस... इसे आप डरे हुए लोगों की कार्रवाई कहिए या कायर लोगों की कार्रवाई कहिए इसे इसी रूप में देखा जा सकता है. क्योंकि जिस तरह से लगातार कार्रवाई हो रही है आखिर इतनी जल्दबाजी क्यों है। चूंकि जिसके परिवार वालों ने हजारों करोड़ रुपये की संपत्ति देश को दान कर दिया हो और उनके साथ इस तरह का व्यवहार की कल सांसद सदस्यता गई और आज मकान खाली कर दो. थोड़ी सी तो शर्म होनी चाहिए. इसलिए कह रहा हूं कि जब मैं कहीं भी देख पाता हूं चाहे वो सरकारी कंपनी में नौकरी करने वाले लोग हों. चाहे विधायक या सांसद हों उन्हें छह महीने का वक्त तो मिलना लाजमी है और इतनी जल्दबाजी क्या है। आप क्या समझ रहे हैं कि सदन से बाहर कर दिया तो सड़क पर जगह नहीं मिलेगी. अगर आपने मकान छीन लिया तो क्या दिलों में जगह नहीं मिलेगी तो राहुल गांधी जी ने दिलों में जगह बनाई है और मुझे लगता है कि जो इस तरह की कार्रवाई है वो बहुत ही ओछी हरकत है. ये एक केंद्र सरकार को कभी शोभा नहीं देती है. एक समय था कि हमलोग विरोधी भी रहते थे तो सत्ता पक्ष के लोग सम्मान देते थे कि हां ये हमारी आंखें खोलने वाले लोग हैं. आप जानते हैं कि निंदक नियरे राखिए, ऑगन कुटी छवाय, बिन पानी, साबुन बिना, निर्मल करे सुभाय तो मुझे लगता है कि इस तरह की बातों को शायद पढ़ा नहीं या समझा नहीं तो इस तरह की बात करके हमें लगता है कि लोकतंत्र का गला घोटने का काम किया जा रहा है. कोई भी व्यक्ति पूरी ताकत के साथ पूरे हिंदुस्तान में इस सरकार के खिलाफ बोल नहीं रहा है और उनको ये डर लगता है कि भविष्य के प्रधानमंत्री राहुल गांधी हो सकते हैं तो इनको कैसे कुंद किया जाए. आपने देखा होगा कि पहले सोशल मीडिया पर किस तरह से उनको नाम देकर के बदनाम करने की कोशिश की गई है. उन्हें छोटा साबित करने की कोशिश की गई. लेकिन जितना ही ये लोग उन्हें छोटा करने का प्रयास करते गए उतने ही हम बड़े होते चले गए. आज देश में अगर कोई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और अडानी की यारी का उसका कोई खुल्लासा कर रहा है तो वो राहुल गांधी हैं और उनके नेतृत्व में हम सब लोग कर रहे हैं. उस बात से डर करके इस तरह की कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन हमें नहीं लगता है कि इससे कुछ भी होने वाला है और बेकार का अपना और देश के लोगों का समय बर्बाद कर रहे हैं. हम तो लोगों के बीच जाते रहे हैं और हम कोई नई बात करने नहीं जा रहे हैं. हमलोग इतना जरूर कहेंगे कि ये जो इनकी हरकत है वो एक ओछी हरकत है. आप इस तरह से देखिये इसको की आप कहीं बुलडोजर लेकर जाते हैं, चाहे वो कितना और कैसा भी गरीब व्यक्ति हो जब उसके घर को उजाड़ दिया जाता है तो लोगों में एक स्वाभाविक सा आक्रोश होता है और वो आक्रोश बहुत महंगा पड़ता है. मुझे लगता है कि जिसे केरल से वायनाड की जनता ने चुनकर भेजा और उनकी सदन की सदस्यता आप खत्म कर देते हो जल्दबाजी में. ठीक है अगर आपको कोई कानूनी कार्रवाई करनी है, आप उसे जरूर कीजिए लेकिन कम से कम नोटिस तो आ जाने दीजिए. हमारे तक निर्णय तो पहुंच जाने दीजिए. क्या चैनल देख कर निर्णय लिए जाएंगे. क्या उसका पन्ना नहीं आना चाहिए. क्या आने के बाद निर्णय होना चाहिए या पहले होना चाहिए...तो हमें लगता है कि चैनल देख कर निर्णय सरकार ले या फिर लोकसभा के अधिकारी लें ये ठीक नहीं है.*

# भारत समेत दुनिया के हर लोकतांत्रिक देश के लोगों के लिए इजरायल के नागरिकों का विरोध प्रदर्शन है एक सबक


इजरायल दुनिया का एक छोटा और बहुत ही कम आबादी वाला देश है. ऐसे तो यहां के लोगों ने हर क्षेत्र में तरक्की के झंडे गाड़े हैं. लेकिन पिछले ढाई महीने से सरकार विरोधी प्रदर्शन को लेकर पूरी दुनिया में इजरायल के लोग सुर्खियों में हैं. दरअसल इजरायल की बेंजामिन नेतन्याहू सरकार वहां न्यायिक सुधार के नाम पर न्यायपालिका के अधिकारों में कटौती का प्रयास कर रही है. इजरायल के नागरिक इसी का सख्त विरोध कर रहे हैं. सबसे ख़ास बात है कि ये विरोध देशव्यापी है. हर क्षेत्र, पेशा और उम्र के लोग इस विरोध में बढ़-चढ़कर शामिल हो रहे हैं. इजरायल के लोगों का मानना है कि न्यायिक सुधार प्रस्ताव के जरिए यहां की सरकार सीधे-सीधे लोकतांत्रिक ढांचे के ताना-बाना को बिगाड़ने का काम कर रही है और इसका सीधा असर भविष्य में नागरिक अधिकारों पर भी पड़ेगा. विरोध प्रदर्शन देश के हर कोने में जारी था. इजरायल की संसद नेसेट से लेकर इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आवास तक को उग्र प्रदर्शनकारियों ने घेर लिया था. प्रदर्शन की व्यापकता को देखते हुए यहां के राष्ट्रपति इसहाक हर्ज़ोग को पीएम नेतन्याहू से अपील करनी पड़ी कि वे तुरंत ही विवादास्पद न्यायिक प्रक्रिया सुधार से जुड़े प्रस्ताव या कानून को रोक दें. इसी का असर था कि फिलहाल पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इस प्रस्ताव पर आगे बढ़ने से अपने कदम पीछे खींच लिए हैं. उन्हें ये घोषणा करने को मजबूर होना पड़ा कि सरकार फिलहाल इस पर और सार्थक बहस का वक्त देना चाहती है, उसके बाद ही आगे कदम उठाएगी. इजरायल की जनता ने पूरी दुनिया के लिए मिसाल कायम की है. उन लोगों ने ये दिखाया है कि जब निर्वाचित सरकार नागरिकों से ज्यादा राजनीतिक एजेंडे को महत्व देते हुए कोई कानून बनाना चाहती है, तो कैसे पूरे देश के नागरिक एकजुट होकर सरकार को इस तरह का तानाशाही रवैया अपनाने से रोक सकते हैं. विरोध प्रदर्शन कितना व्यापक था, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसमें इजरायल के सबसे बड़े ट्रेड यूनियन समूह हिस्ताद्रुत ने सरकार के कदम के खिलाफ राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान कर दिया. इसका असर ये हुआ कि तेल अवीव में इजरायल के मुख्य हवाई अड्डे बेन गुरियन एयरपोर्ट से विमानों का उड़ान भरना मुश्किल हो गया. इस प्रस्ताव का विरोध स्कूल-कॉलेज, यूनिवर्सिटी के साथ ही सरकारी, निजी नौकरीपेशा लोग और विदेश में अलग-अलग इजराइली मिशन में तैनात राजनयिक भी कर रहे हैं. इजरायल की सेना के बीच से इसके खिलाफ आवाज़ आने लगी. हद तो तब हो गई कि इजरायल के रक्षा मंत्री भी इसके विरोध में उतर आए और उन्हें इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ा.

ऐसे तो ये आंदोलन जनवरी के पहले हफ्ते से ही शुरू हो गया था, लेकिन 25 मार्च को इजरायल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने न्यायपालिका में आमूल-चूल बदलाव से जुड़े प्रस्ताव पर अपनी राय रखी. वे पिछले कई दोनों से ऐसे लोगों और इजरायल के सैनिकों से बात कर रहे थे, जो प्रस्तावित कानून से बेहद नाराज थे.इस प्रस्ताव को लेकर कितना ज्यादा आक्रोश है, ये इस बात से बेहतर समझ सकते हैं कि मार्च की शुरुआत में इजरायल के फाइटर पायलट्स ने ट्रेनिंग में शामिल होने से इंकार कर दिया था. ये इजरायल के लिए अपने आप में ऐतिहासिक था. वो तो उस वक्त रक्षा मंत्री योव गैलेंट ही थे, जिन्होंने बाद में बातचीत में फाइटर पायलट्स को ट्रेनिंग में शामिल होने के लिए मना लिया था. लेकिन रक्षा मंत्री योव गैलेंट इस कानून के विरोध में थे और 25 मार्च को उन्होंने अपनी राय इजरायल की जनता के सामने रखी. उन्होंने एक टीवी कार्यक्रम में अपनी बातों से ये संकेत दे दिया कि इजरायली सेना सरकार के इस कदम से बेहद नाराज है और अगर ये कानून बनता है तो इजरायल की सेना इसके खिलाफ कुछ भी कर सकती है. जब योव गैलेंट टीवी पर ये सब बोल रहे थे, उस वक्त पीएम बेंजामिन नेतन्याहू देश से बाहर थे. हालांकि रक्षा मंत्री के इस मुखरता को नेतन्याहू झेल नहीं पाए और अगले ही दिन यानी 26 मार्च को उन्होंने रक्षा मंत्री को बर्खास्त कर दिया. इससे यहां की जनता में नाराजगी चरम पर पहुंच गई और प्रदर्शन उग्र होते गया. इसके बाद राष्ट्रपति ने नेतन्याहू से अपने कदम रोकने की अपील की. राष्ट्रपति इसहाक हर्ज़ोग ने पूरे घटनाक्रम को इजरायल की सुरक्षा के लिए खतरनाक बताया. तब जाकर बेंजामिन नेतन्याहू 27 मार्च को ये ऐलान करने को मजबूर हुए कि उनकी सरकार फिलहाल न्यायिक प्रक्रिया में सुधार से जुड़े कानून पर आगे नहीं बढ़ेगी. उन्होंने विवादित प्रस्ताव के बिन्दुओं पर अगले एक महीने तक कोई कदम नहीं उठाने की बात कही है. हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया है कि वो इसके जरिए इजरायल के लोगों के बीच नए कानून पर चर्चा करने का और मौका देना चाहते हैं. ये एक तरह से इजरायल के आम नागरिकों की जीत है. ये पूरी कवायद जनवरी से शुरू हुई थी. नेतन्याहू के सबसे करीबी माने जाने वाले और नवनिर्वाचित कानून मंत्री यारिव लेविन ने इस साल 4 जनवरी को इजरायल की न्यायपालिका प्रणाली में बड़ा बदलाव लाने की अपनी मंशा जाहिर की. उसके बाद 11 जनवरी को उन्होंने बदलाव से जुड़े मसौदे को सार्वजनिक किया. इसमें ऐसी व्यवस्था की गई है कि एक तरह से इजरायल की विधायिका यानी संसद और सरकार वहां की न्यायपालिका पर पूरी तरह से हावी हो जाएगी. ये प्रस्ताव किया गया कि सुप्रीम कोर्ट के जजों समेत तमाम जजों की नियुक्ति और बर्खास्तगी पूरी तरह से सरकार के कंट्रोल में होगा. इसके साथ ही बेंजामिन नेतन्याहू सरकार की ये भी बदलाव करने की मंशा है कि इजरायल की संसद से पारित कानून की न्यायिक समीक्षा यानी ज्यूडिशियल रिव्यू का अधिकार अब वहां की सुप्रीम कोर्ट को नहीं होगा. इससे भी एक कदम आगे बढ़ते हुए प्रस्ताव में ये प्रावधान किया गया है कि इजरायल की संसद को सुप्रीम कोर्ट के आदेश को बदलने का भी अधिकार दे दिया जाएगा. नए कानून से रोजमर्रा के सरकारी और प्रशासनिक फैसलों की न्यायिक समीक्षा करने के कोर्ट के अधिकारों पर भी काफी हद तक पाबंदी लग जाएगी. बेंजामिन नेतन्याहू सरकार न्यायपालिका प्रणाली में जो बदलाव करना चाहती है, उसको देखने से यही लगता है कि सरकार पूरी तरह से न्यायपालिका पर हावी हो जाएगी और इजरायल के लोगों के गुस्से की मुख्य वजह यही है. उन्हें जनवरी में ही ये एहसास हो गया था कि सरकार इसके जरिए नागरिकों के अधिकारों पर चोट करने जा रही है. साथ ही नए बदलाव से सत्ता पर काबिज बड़े नेताओं को भी एक तरह से संरक्षण हासिल हो जाएगा. खुद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे हुए हैं. इजरायल के लोगों को ये डर सता रहा है कि नए कानून से उनके देश का लोकतांत्रिक संतुलन पूरी तरह से बिगड़ जाएगा. बेंजामिन नेतन्याहू की राइट विंग सरकार भले ही पूरी कवायद को ये कहकर जायज बता रही है कि इसके जरिए इजरायल की सुप्रीम कोर्ट को मिले असीमित अधिकारों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की जा रही है. लेकिन उन्हें डर सता रहा कि जिन भ्रष्टाचार का आरोपों का वो सामना कर रहे हैं, कहीं भविष्य में इजरायल के सुप्रीम कोर्ट से उन्हें इसके लिए दोषी न करार दे दिया जाए. अगर नेतन्याहू अपने इरादों में कामयाब हो जाते हैं, तो इससे इजरायल की जनता के अधिकारों पर भी असर पड़ेगा. जिस एकजुटता के साथ इजरायल के हर वर्ग के लोग नए कानून के विरोध में सड़क पर उतर आए हैं, वो ऐतिहासिक है. ये एक तरह से दुनिया के हर निर्वाचित सरकार के मुखिया को संदेश देने की कोशिश है कि लोकतंत्र में तानाशाही रवैये की कोई जगह नहीं है और लोकतंत्र के हर स्तंभ के बीच एक संतुलन होना चाहिए, जिससे देश के नागरिकों के अधिकारों पर कोई आंच नहीं आए. साथ ही ये लोकतांत्रिक देशों के नागरिकों के लिए सबक है कि चाहे आपने किसी भी सरकार को चुना हो, उसे लोकतांत्रिक ढांचे में आमूल-चूल बदलाव कर आपके अधिकारों में कटौती करने का कोई हक़ नहीं है. अगर कोई सरकार ऐसा करती है, तो जब देश के नागरिक एकजुट हो जाते हैं, तो फिर उस सरकार को अपने कदम पीछे खींचने ही होते हैं.




> प्रदर्शन की व्यापकता को देखते हुए यहां के राष्ट्रपति इसहाक हर्ज़ोग को पीएम नेतन्याहू से अपील करनी पड़ी कि वे तुरंत ही विवादास्पद न्यायिक प्र या सुधार से जुड़े प्रस्ताव या कानून को रोक दें. इसी का असर था कि फिलहाल पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इस प्रस्ताव पर आगे बढ़ने से अपने कदम पीछे खींच लिए हैं. उन्हें ये घोषणा करने को मजबूर होना पड़ा कि सरकार फिलहाल इस पर और सार्थक बहस का वक्त देना चाहती है, उसके बाद ही आगे कदम उठाएगी. इजरायल की जनता ने पूरी दुनिया के लिए मिसाल कायम की है. उन लोगों ने ये दिखाया है कि जब निर्वाचित सरकार नागरिकों से ज्यादा राजनीतिक एजेंडे को महत्व देते हुए कोई कानून बनाना चाहती है, तो कैसे पूरे देश के नागरिक एकजुट होकर सरकार को इस तरह का तानाशाही रवैया अपनाने से रोक सकते हैं.

# अमृतपाल का नेपाल भागना पुलिस-इंटेलिजेंस ब्यूरो के लिए शर्मनाक



वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह की तलाश में एक तरफ जहां पुलिस की तरफ से उसके कई ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है तो वहीं दूसरी तरफ काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने नेपाल से कहा कि अमृतपाल नेपाल में ही कहीं छिपा है और वह हुलिया बदलकर दूसरे देश भाग सकता है. इसके बाद नेपाल में हॉटल, लॉज के अंदर उसके फोटो सर्कुलेट किए जा रहे हैं. साथ ही, नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भी चौकसी बढ़ा दी गई है. लेकिन अमृतपाल सिंह का भारत से नेपाल भाग जाना... मैं, समझता हूं कि ये बड़ा ही निराशा का विषय है और अमृतपाल को पंजाब पुलिस नहीं पकड़ पाई. ये उनके लिए कोई गर्व की बात नहीं है. पंजाब पुलिस का बड़ा ही शानदार इतिहास रहा है. लेकिन एक क्रिमिनल को पकड़ने में उन्हें इतनी दिक्कत हुई और ये कहा जा रहा है कि अब वो हिंदुस्तान से भागकर नेपाल चला गया है और वो वहां से भी कहीं और जाने की फिराक में है. ये बड़े शर्म की बात है. मैं समझता हूं कि न केवल पंजाब पुलिस के लिए बल्कि हमारी सुरक्षा एजेंसियों के लिए भी ये बहुत बड़ी चुनौती है. अमृतपाल को पकड़ने के लिए पहले पंजाब पुलिस का टकराव जालंधर में हुआ और कहा ये जाता है कि तीन गाड़ियां थी जिसमें से दो को तो पुलिस ने पकड़ लिया और उसमें सवार सात से आठ लोगों को पकड़ लिया. उनसे कुछ हथियार और सामान बरामद हुआ लेकिन तीसरी गाड़ी जिसमें कि अमृतपाल सवार था वो भाग निकला लेकिन मुझे ये नहीं समझ आता कि आपके नजर के सामने से, पुलिस चौकी व नाके के सामने से अमृतपाल भागा है. उसके बावजूद वह क्यों नहीं पकड़ा गया. चूंकि जब कोई भाग रहा होता है तो वो जिस रास्ते से भागता है उसे और उसमें मिलने वाले सभी रास्तों को चौकन्ना कर दिया जाता है कि इस तरह की गाड़ी है और ये आदमी भागा हुआ है और हर जगह नाकेबंदी कर के उसे पकड़ लेना चाहिए था. लेकिन वो मौका पंजाब पुलिस चूक गई और हो सकता है कि उन्होंने उसे भागने दिया ये मैं नहीं जानता हूं और मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं. इतना जरूर है कि उसे पकड़ने में कहीं न कहीं कोई भयंकर कोताही बरती गई है, गफलत की गई है पंजाब पुलिस द्वारा चूंकि जालंधर में वो आपकी नजरों के सामने भागा और उसके बाद आप सिर्फ अटकलें लगाते रहें कि उसे पटियाला में देखा गया है, हिमाचल में देखा गया है. कभी किसी ने कहा कि उसे महाराष्ट्र में देखा गया है पुणे के पास यानी जहां जिसे उसके हुलिया की तस्वीरें दिखी तो कह दिया गया कि वह अमृतपाल है और ये हो भी सकता है और नहीं भी हो सकता है कुछ कहा नहीं जा सकता है और अब ये कहना कि वह नेपाल चला गया है तो ये तो बड़ा ही शर्म का विषय है. चूंकि नेपाल बॉर्डर पर भी हमारे सुरक्षा कर्मी हैं ऐसे में कहां से और कैसे वो निकल गया और ये इंटेलिजेंस ब्यूरो का भी फेल्योर है और पंजाब पुलिस का तो है ही कि आखिर उसको पकड़ा क्यों नहीं गया. अगर वो नेपाल चला गया है तो सवाल ये भी है कि वहां की पुलिस हमें कितना सहयोग करेगी मैं इसे लेकर पूरी तरह से आश्वस्त नहीं हूं क्योंकि नेपाल जाने के बाद वहां से कहीं और जाना बहुत ही आसान है और अगर वह वहां से भी कहीं फरार हो जाता है तो समझ लीजिए की वह हमारी गिरफ्त से भी चला गया और फिर वह बाहर जाकर तरह-तरह की बयानबाजी करेगा और फिर खालिस्तान समर्थक जो भी लोग हैं उनके लिए एक केंद्र बिंदु बन जाएगा कि अमृतपाल का समर्थन करो और फिर उसने ये कहा और वो कहा का दौर चलेगा. वो आसानी से भारत सरकार के खिलाफ प्रोपेगेंडा करता रहेगा और जहर उगलता रहेगा. केंद्रीय एजेंसियों की भूमिका तो यही होती है कि जो एजेंसी जहां होती है वहीं, सतर्क हो जाए और भागने वाले जितने भी संभावित रास्ते हैं उनको चिन्हित करे. उन रास्तों में फिर चेक नाका लगाकर जांच करें कि कौन आ रहा है, कौन जा रहा है. ऐसे तो दिल्ली में आप पाएंगे की जब नाके लगे रहते हैं तो लोगों को असुविधा होती है और कभी किसी बड़े अपराधी को पकड़े हुए तो मैंने नहीं सुना है.

# अतीक अहमद की जमानत याचिका पर सुनवाई से 10 जजों ने खींच लिए थे पैर

पूर्व सांसद और माफिया डॉन से राजनेता बने अतीक अहमद पर उमेश पाल किडनैपिंग केस में प्रयागराज एमपी-एमएलए कोर्ट की तरफ से ये फैसला तो आ गया, और उसे दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा भी सुनाई गई, लेकिन यह देर से आया हुआ फैसला है. दरअसल, अतीक अहमद पर करीब 100 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं. उसने पहला अपराध 1989 में किया था जब वह 17 साल का था और वो भी मर्डर करने का क्रइम था. उमेश पाल का मामला साल 2006 का है और इसमें भी 17 साल लग गए. तो यकीनन इसमें देरी हुई है इसमें कोई शक नहीं है. अब देखना यह है कि अतीक अहमद पर जो और भी अन्य मामले चल रहे हैं, उनमें कितनी तेजी से सुनवाई होती है और उनका निपटारा किया जाता है. इसके साथ ही, देखने की बात यह होगी कि क्या वह जेल के अंदर रहकर कोई अपराध करने में सक्षम होगा या नहीं. क्योंकि देखिए, जब उमेश पाल की हत्या हुई थी तो अतीक अहमद साबरमती जेल में बंद था और उसका भाई अशरफ बरेली की जेल में बंद था. इन दोनों लोगों ने जेल में रहते हुए भी उमेश पाल को खत्म करने की साजिश रची और उसे अंजाम देने में सफल भी हो गए. मुझे यही लगता है कि यह देखने की बात है कि क्या जेलें अपने यहां बंद किसी कैदी के अपराध पर लगाम लगा सकती है या नहीं. यह एक बड़ा महत्वपूर्ण सवाल है? कहीं ना कहीं इस तरह के जो बाहुबली, माफिया, सरगना हैं उन पर एक दबाव तो बनता ही है कि भले ही देर है लेकिन अंधेर नहीं. उन्हें भी सजा भी हो सकती है. दूसरा असर यह होगा कि जो राजनीतिक संगठन ऐसे तत्वों को पालने-पोसने का काम करते हैं, उन पर भी दबाव बढ़ता है और उन्हें भी लोग आईना दिखाते हैं. अतीक अहमद इतना कुख्यात माफिया नहीं बना होता अगर उसे समाजवादी पार्टी का संरक्षण नहीं मिला होता. आज अतीक अहमद को जिस मामले में सजा हुई है, वह उमेश पाल के अपहरण का मामला है और उसका अपहरण हुआ था 2006 में. उस वक्त यूपी में सपा की सरकार थी और मुलायम सिंह मुख्यमंत्री हुआ करते थे अतीक अहमद खुद समाजवादी पार्टी का सांसद था.

उसको सत्ता का इतना जबरदस्त संरक्षण मिला हुआ था कि उमेश पाल को अपने अपहरण, मारपीट, धमकी और उगाही के खिलाफ स्त्रद्धक्र दर्ज कराने की भी हिम्मत नहीं पड़ी. उन्होंने ये एफआईआर तब दर्ज कराई जब यूपी में सत्ता बदल गई. उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह की जगह मायावती शासन में आ गईं, तब उसने एफआईआर दर्ज कराने की हिम्मत जुटाई. इससे स्पष्ट तौर पर समझा जा सकता है कि सत्ता का अतीक अहमद को कितना प्रबल संरक्षण और समर्थन प्राप्त था और चूंकि वो खुद एक सांसद था सपा के टिकट पर तो अगर किसी अपराधी को सत्ता का संरक्षण ना




मिले तो वह इतना पनप भी नहीं सकता है. इतना खौफ का राज हो ही नहीं सकता है. अतीक अहमद पर जो तमाम मामले थे हत्या, अपहरण, फिरौती, जमीनों पर अवैध कब्जा करना, रंगदारी, मारपीट इन सब मामलों का अदालतों में इसलिए निपटारा नहीं हो पाया क्योंकि वह अपने विरोधियों को, गवाहों को मारता-पीटता और धमकाता था और कई मामलों में उन्हें खत्म करा देता था. उसका खौफ इतना ज्यादा था कि एक तरह से सिस्टम जो है वह सुस्त पड़ गया था और सिस्टम भी उससे खौफ खाता था. उसके खौफ का अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि जब 2012 में वह जेल में बंद था और चुनाव लड़ने के लिए उसने इलाहाबाद कोर्ट में जमानत याचिका लगाई तो एक और दो नहीं बल्कि पूरे के पूरे 10 जजों ने उसकी जमानत याचिका पर सुनवाई करने से पीछे हट गए. यह उसके खौफ का एक उदाहरण है. इसके साथ-साथ अतीक अहमद जैसे माफिया तत्वों को जो पूरा सिस्टम है या तो उसको संरक्षण देने लगता है तब वह पनपते हैं या फिर उससे सब लोग खौफ खाने लगते हैं तब वह बेखौफ हो जाते हैं. निश्चित रूप से इसमें कोई शक नहीं है कि योगी सरकार ने अतीक अहमद जैसे माफिया तत्वो के खिलाफ अपनी निगाह टेढ़ी कर ली है और मिजाज टेढ़ी करने से क्या परिणाम सामने आते हैं उसका उदाहरण आप सबके सामने है जो अतीक अहमद को आज सजा सुनाई गई है. यही अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी जब खुद की सरकारें हुआ करती थीं तो उन सरकारों का का संरक्षण पाते थे और वो सरकारें और प्रशासन उनके खिलाफ कार्रवाई करने में डरता था, कांपता था. एक बार तो कहा जाता है कि जब प्रयागराज इलाहाबाद हुआ करता था वहां की पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया गया था और संभवत उसके एनकाउंटर की तैयारी कर रही थी लेकिन उस समय उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार हुआ करती थी और केंद्र में भी और किसी का फोन आ गया था तो वह न केवल बच गया है बल्कि उसे छोड़ दिया गया. तो अतीक अहमद को कई सरकारों का संरक्षण मिला है. उसे कांग्रेस के सरकार में भी संरक्षण मिला और वह जेल से छूटा और पुलिस की गिरफ्त से भी बाहर आया. सपा के सरकार में तो वह एक तरीके से सरकारी मेहमान बना हुआ था तब वह बहुत तेजी से फला-फूला लेकिन योगी सरकार ने अपनी नजर टेढ़ी कर ली तो वह काबू में आ गया. उसके मामले की सुनवाई भी तेजी से हुई और अंततः उसे आज सजा भी सुना दी गई. लेकिन यह सजा पर्याप्त नहीं है. पर्याप्त इसलिए नहीं है क्योंकि उसके खिलाफ कोर्ट में जो और भी मामले चल रहे हैं, उसमें भी प्राथमिकता के आधार पर तेजी से सुनवाई होनी चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि जेल में रहते हुए अतीक अहमद अपराध करने में सक्षम ना होने पाए. इसकी व्यवस्था करनी होगी क्योंकि इन माफिया तत्वों ने जेलों जेलों के औचित्य को खत्म कर दिया है. अतीक अहमद और उसके साथियों के आतंक का मैं आपको एक और उदाहरण देता हूं. अतीक और उसके गुर्गों पर बसपा विधायक राजू पाल की हत्या करने का आरोप है. यह तब हुआ था जब राजू पाल ने बतौर बसपा उम्मीदवार अतीक के भाई अशरफ को चुनाव में पराजित कर दिया था तो राजू पाल पर लगातार तीन हमले हुए थे. पहला हमला अक्टूबर में हुआ जिसमें वह बच गया था. दूसरा हमला नवंबर-दिसंबर में हुआ था और तीसरा हमला तब हुआ था जब राजू पाल अस्पताल से लौट रहा था. उसी दौरान उसकी गाड़ी को घेर कर के बम और बंदूकों से हमला करके उसे बुरी तरह से छलनी कर दिया था. उसके समर्थक दूसरी गाड़ी से आ रहे थे जिन्होंने राजू पाल को टेम्पो में लेकर अस्पताल की ओर भागे लेकिन अतीत और उसके गुर्गों को लगा कि वह कहीं जिंदा तो नहीं रह गया तो उन सभी ने करीब 5 से 6 किलोमीटर जा कर के ऑटो को घेर लिया और फिर से उस पर गोलियां बरसाई ताकि यह सुनिश्चित हो जाए कि वह मर जाए और आखिरकार जब वह अस्पताल पहुंचता है तब तक वह मर चुका होता है. इस तरह की जितनी भी वारदात अतीक अहमद करता था तो उसके खौफ के चलते ना तो कोई गवाही देने को तैयार होता था, ना ही कोई चश्मदीद होता था तो ऐसे में जो अदालतें थीं वो अक्षम थीं क्योंकि किसी भी मामले में अगर कोई गवाह नहीं होगा, कोई चश्मदीद नहीं होगा तो वह भी कुछ नहीं कर सकते हैं. आज से पहले तक अतीक के मामले में यही चला होता आ रहा था और इसलिए 100 से ज्यादा मुकदमे जिस पर हैं, पहली बार तकरीबन 40 साल के आपराधिक जीवन में उसे सजा सुनाई गई है.

## एक नजर...

### जिलाध्यक्ष के जन्मदिन पर किए गए फल वितरण



मेहगांव /भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी संतोष सिंह भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि भिंड जिले के जिला अध्यक्ष श्रीमती कामना सुनील सिंह भदोरिया के जन्मदिन के उपलक्ष में युवा नेता संदीप सिंह भदोरिया के नेतृत्व में उनके मित्र मंडली ने मेहगांव हॉस्पिटल में फल वितरण कर लंबी उम्र की कामना की जिसमें मुख्य रुप से कौशल सिंह रामअवतार भदौरिया, अनिल भदौरिया रवि चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### आईसीडीएस संयुक्त मोर्चा ने निकाला कैंडल मार्च

दैनिक पुष्पांजली टुडे




भिण्ड । परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक,आगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं, महिला बाल विकास कार्यकर्ताओ ने अपनी लंबित मांगो को लेकर आईसीडीएस संयुक्त मोर्चा के बैनर तले जिला मुख्यालय के खंडा रोड़ से लेकर इंदिरा चौराहा तक एवं अलग - अलग तहसीलो में तहसील स्तर पर कैंडल मार्च निकाला।

### 5 वीं, 8वीं बोर्ड पेटर्न पर छात्रों ने दी अंग्रेजी एवं हिन्दी विषय की परीक्षा उड़नदस्ते दल ने किया आकस्मिक निरीक्षण

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे





बालाघाट। 29 मार्च को जिले में संचालित 5 वीं एवं 8वीं बोर्ड पेटर्न परीक्षा में कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के दिशा निर्देशन में गठित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के गिरधारी नाईक सहायक संचालक एवं डॉ महेश शर्मा योजना अधिकारी के नेतृत्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी आर गजबे के निर्देश पर उड़न दस्ता ने परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाथरगांव का सघन आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षार्थियों की परीक्षा कक्ष में बैठक व्यवस्था, परीक्षा केंद्राध्यक्ष के लिए निर्धारित निर्देश पुस्तिका के पेज़-4 के बिंदु क्रमांक- 4.01 के अनुसार जंबलिंग में करने सख्त निर्देश दिए गए। परिक्षा केंद्र में शांति पूर्वक परिक्षा संपन्न कराई जा रही है। निरीक्षण के दौरान संकुल प्राचार्य चन्द्रभुषण चौहान, जनशिक्षक होलराज चौहान एवं जनशिक्षक बाघमारे सर, परिक्षा केन्द्राध्यक्ष गुरदे सर, सहायक केन्द्राध्यक्ष कबिरे सर एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित रहे।

### लापरवाही से वाहन चलाकर घोर उपहति कारित करने वाले वाहन चालक को न्यायालय ने सुनाया 06 माह का सश्रम कारावास

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**गोहद।** सहायक मीडिया सेल प्रभारी शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि शिकायतकर्ता कैलाश ने उसकी पत्नी के साथ उपस्थित होकर इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दिनांक 11.10.2015 को 08:00 बजे करीब उसकी पत्नी विजयकांती घर से दुकान पर सामान लेने गयी थी सामने से एक ट्रेक्टर जोनडियर का चालक बन्टी पिता रमेश सिंह तोमर निवासी बरोना का ट्रेक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाता हुआ लाया और उसकी पत्नी विजयकांती को टक्कर मार दी जिससे उसके दाहिने पैर, कूल्हे में चोट लगी। वह उसे लेकर सरकारी अस्पताल गोहद गया था। डॉक्टर साहब कूल्हे में चोट लगी। वह उसे लेकर सरकारी अस्पताल गोहद गया था। डॉक्टर साहब ने इलाज किया, कच्चा पलस्तर पैर पर चढा दिया। घटना के समय रामखिलाडी व मुन्नीबाई ने घटना देखी थी। ट्रेक्टर चालक ट्रेक्टर को लेकर भाग गया। उक्त सूचना पर से प्रथम सूचना रिपोर्ट थाने के अपराध क्रमांक 119/2015 अंतर्गत धारा 279,337 भादवि मे दर्ज की गई। दौराने विवेचना धारा 338 का ईजाफा किया गया। विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मान. न्यायालय जेएमएफसी, गोहद जिला भिण्ड द्वारा दिनांक 29/03/2023 को अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य से सहमत होते हुये अभियुक्त बंटीसिंह पुत्र रमेश सिंह तोमर, उम्र-30 वर्ष को धारा 338 भादवि में 06 माह का सश्रम कारावास तथा 1000/- रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन श्रीमती प्रीती यादव, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी के द्वारा किया गया।

# अष्टमी पर्व पर चढ़ी अठवाईयां: रामनवमी आज

## पांडरी पाठ धाम में 2499 मनोकामना ज्योति कलश हुए विसर्जित

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट।** शक्ति व भक्ति के आराधना का चैत्र नवरात्र पर्व संपूर्ण जिले में श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया जा रहा है। सप्ताह भर से नगर व क्षेत्र के मंदिरों में देवी गीत भजनों व विविध कार्यक्रमों की गूंज के अलावा माता का जगराता कर भेंटे भी गाई जा रही है। 29 मार्च को चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर देवी मंदिरों व घरों में रखे ज्योति कलश स्थल पर भोर से ही अष्टमी चढ़ाने का क्रम प्रारंभ हुआ जो दोपहर एवं ढलती शाम तक चलता रहा। माता रानी के दरबार में श्रंगार के साथ ध्वजा, अठवाईयां, चुनरी चढ़ाकर विशेष आराधना की गई। घरों व देवी मंदिरों में कन्या पूजन कर उन्हें माता का स्वरूप मानकर कन्या भोज भी कराया गया। मंदिरों व घरों में अष्टमी हवन के साथ पूर्णाहुति पश्चात सामूहिक भंडारे किए गए। वहीं आज 30 मार्च को रामनवमी पर्व पर नगर व क्षेत्र के मंदिरों में तथा घरों में दोपहर 12 बजे से राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जावेगा। नगर के नया व पुराना राम मंदिर में घंटे घड़ियाल की गूंज व भजनों के साथ राम जन्मोत्सव मनाने की तैयारियां पूरी हो गई है।

**पांढरी पाठ धाम में निकली 2499 ज्योति कलशों की शोभा यात्रा**-सुरम्य वादियों के बीच स्थित मां पांढरीपाठ देवी मंदिर वारी में नवरात्र पर्व पर भक्तों की अपार भीड़ देखने को मिलती हैं। यहां प्रतिदिन एक से बढ़कर एक कार्यक्रम संपन्न होते हैं। 29 मार्च को अष्टमी के दिन यहां प्रातः बेला में मातारानी की आरती उपरांत हवन पूजन का आयोजन हुआ। जो दोपहर तक चलता रहा। संध्या बेला में ज्योति कलशों की शोभायात्रा निकालकर देर रात तक जल दर्शन कराएं गए इस उपरांत प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे। आज 30 मार्च को प्रातः समय में यहां जवारे विसर्जन किए जाएंगे। तथा श्रद्धालुओं को महाप्रसाद खिलाई जाएगी।



# 120 स्कूली छात्राओं ने किया शासकीय आई टी आई पालडोंगरी का भ्रमण

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे**

बालाघाट। वर्तमान समय में स्कूलों मे व्यवसायिक पाठयक्रम के तहत कक्षा 9 वी एवं एवं कक्षा 11 वी की ब्यूटी पार्लर एवं कास्मेटिक व्यवसाय के लगभग 120 छात्राओं ने शासकीय आई टी आई पालडोगरी का भ्रमण कर वहां



11 के छात्र छात्राओं को व्यवसायिक शिक्षा प्रदान की जा रही है। विधार्थियों को और अधिक तकनीकी व व्यवसायिक शिक्षा की जानकारी देने के लिए शासकीय आई टी आई पालडोंगरी का भ्रमण कराया जा रहा है। इसी कड़ी में 29 मार्च को किरनापुर विकासखण्ड अंतर्गत आने वाले शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरनापुर के कक्षा 9 वी दिए जा रहे विभिन्न व्यवसायों के प्रशिक्षण को देखा और समझा कि कोपा , मोटर मैकेनिक व्हीकल, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वेलडर, स्टेनोग्राफर हिन्दी में किस प्रकार प्रशिक्षण दिया जाता है। और आगे इसमें रोजगार व स्वरोजगार के क्या अवसर है। तकनीकी शिक्षा मे आईटीआई की पढाई से डिप्लोमा, और डिग्री की पढाई तक कैसे पहुँच सकते है। और किन क्षेत्रों में बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरनापुर से एच एल लिल्हारे नोडल अधिकारी, प्रिती राहंगडाले, राधिका मर्सकोले शिक्षीका व आराधना साहू, जसवंती कावरे व्यवसाय प्रभारी एवं देवलाल भगत भ्रत्य , उपस्थित रहे है। संस्था के विधुतकार व्यवसाय के प्रशिक्षण अधिकारी अशोक कुमार नागदेवे ने विद्यार्थीयों को आईटीआई का भ्रमण कराकर आईटीआई में कैरियर का अवसर बताते हुए कैरियर्स गाइडेंस भी किया, और सभी व्यवसायों से सम्बंधित जानकारी देकर आशुलिपिड़ में नाम कैसे लिखा जाएगा, कम्प्यूटर में कैसे कार्य करते हैं, विद्युत वायरींग कैसे करते हैं, वेलडींग कैसे करते हैं, इसका प्रेक्टिकल भी छात्राओं को दिखाया तथा विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य सेवकराम कुसराम, संजय जघेला, आशीष पटेल, विशाल कोडापे, आदर्श पटले, जालेद्र राणे, श्रीमती शालिनी कुमभरे राणे, सौमित्र मुरकुटे, धनंजय धारने, दिनेश मेरावी, अनिता मेरावी, स्वाति गनवीर, संजय पारधी सभी प्रशिक्षण अधिकारी एवं ब्रजेद्र कोरचे कार्यालय सहायक आदि उपस्थित रहे।

# कृषि स्थाई समिति की बैठक संपन्न, कृषि कार्य से जुड़े अहम् विषयों पर हुई चर्चा

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे**

बालाघाट। लांजी के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय के सभा गृह में कृषि स्थाई समिति की बैठक 29 मार्च को आयोजित कि गई। बैठम में प्रमुख रूप से स्थाई समिति के सभापति टूमन घोरमारे, महेन्द्र पटले, नीलकंठ ठाकरे, गोवर्धन घोरमारे युवराज पटले एवं कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारी अमित नारनौरे, ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी सुनील उइके, कुलदीप गणविर, विनिता रंगारी, ईन्दु उइके, उद्यानिकी विभाग से अरूण पटले, पशु चिकित्सा विभाग से राकेश उइके की उपस्थिती में बैठक संपन्न हुई। बैठक में ग्रामीण कृषि विकास अधिकार सुनील उइके द्वारा कृषि विभाग से संचालित विभिन्न योजनाओं व लक्ष्य पूर्ती की जानकारी दी गई। इसी तरह से उद्यानिकी विभाग एवं पशु पालन विभाग के द्वारा विभागीय स्तर पर संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। कृषि स्थाई समिति की बैठक मे हुई चर्चा के अनुसार कृषि सभापति व सदस्यों के द्वारा विभाग से संबधित अनेको बातें रखते हुये जानकारी भी ली गई। जिसमे प्रत्येक ग्रामो के कृषकों की खेती की मिट्टी का नमूना लिया जाये एवं क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी या कृषक स्वयं अपनी खेत की मिट्टी का नमूना लेकर कृषि कार्यालय लांजी में जमा करें। प्रत्येक पंचायत में ग्राम रक्षक कोटवार के माध्यम से मुनादी की जाये। स्प्रिगंलर, पाईप लाईन, ड्रीप सिस्टम, बायोगैस, विद्युत पंप के आवेदन सभी क्षेत्रों से लिये जाये, कोदो कुटकी को बढावा देने सहित कार्य योजनाऐ बनाये जाने की बात उक्त सदस्यो के द्वारा बैठक मे रखी गई।





## मां आसमानी माता का छीमका में मेला दंगल संपन्न

मालनपुर संवाददाता पुष्पांजली टुडे
पहलवान सिंह राजावत

मालनपुर। भिंड जिले तहसील गोहद विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सीमा में मां आसमानी माता मेला दंगल संपन्न छिमका का ग्राम पंचायत नेशनल हाईवे इटावा ग्वालियर राष्ट्रीय राजमार्ग परिस्थिति आसमानी माता का प्राचीन मंदिर है जहां माता रानी प्रत्येक माता रानी मंशापूर्ण करती हैं उसी क्रम में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी माता परिसर में मेला का आयोजन होकर विशाल दंगल का आयोजन किया गया जिसमें दूरदराज से आए नवी पहलवानों ने अपने अपने दाउ दिखाएं पहलवानों ने अपने दाउ पेज आपनाए दंगल समिति द्वारा उचित पुरस्कार दिए गए हारे पहलवान को सांत्वना पुरस्कार दिए गए माता रानी के दंगल में क्षेत्र की जनता ने प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें अंतिम कुश्ती पहलवान राकेश जोना पुरा ग्वालियर आदित्य सिंह इंदौर से अंतिम कुश्ती की ड़10000 की इनाम रखी थी जिसमें हार जीत का फैसला ना होने के कारण इनाम आधा आधा बांट दिया गया इस शुभ अवसर पर उपस्थित मैच रैफरी वबलू सिंह तोमर रहे ग्राम छीमका पंचायत पूर्व सरपंच सुखपाल सिंह तोमर, रुस्तम सिंह तोमर, राजेंद्र सिंह तोमर, जशराम सिंह तोमर, फौजी विश्म्वर सिंह, विश्वनाथ सिंह, चंद्रपाल सिंह, डाक्टर परमाल सिंह तोमर,शुभमसिंह सिकरवार, में दंगल दर्शकों ने भाग लिया

## अम्बाह की पौने तीन साल की कप्तानी से अलविदा

केशब पंडित जी पत्रकार अम्बाह



अम्बाह। चम्बल में शहीद बिश्मिल की भूमि से अटूट रिश्ता रहा है, इससे पहले गुना में चाचौडा ओपनिग अवधि, उसके बाद अम्बरीश नगरी अम्बाह में एसडीएम रहते हुये सयुक्त कलेक्टर प्रमोसन प्राप्त कर क्षैत्र में जनता की दिलो राज करते हुये शिबपुरी को बिदाई किया और अब ये अम्बाह में पौने तीन साल की कप्तानी करके अम्बाह पोरसा बिश्मिल नगर बरबाई मानों घर जैसा लगने लगा था। यहां के नागरिकों, मीडिया बंधुओं तथा राजस्व व पुलिस के मेरे साथियों ने इतना सम्मान और स्नेह दिया जो कि मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। मेरे कैरियर के ना भूलने वाले पौने तीन साल यहां निकले हैं। जब मैने यहां ज्वाइन किया था तो उप चुनावों और कोरोना की दोनों लहरें, तमाम धरना प्रदर्शन, बड़ी-बड़ी घटनाएं उन सभी में टीम वर्क व आप लोगो के सहयोग से सफलता मिली, यहां मेरे बिताए गये एक-एक दिन शायद ही में कभी भूल पाऊं। अम्बाह व पोरसा व ग्रामीण के नागरिकों का स्नेह और उनकी यादे मेरे ह्दय में हमेशा ताजा रहेंगी। वक्त ने चाहा तो जिंदगी के मोड़ पर मुलाकात होगी।

## जल जिवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में करोड़ों रुपए की लागत से पिने के पानी की टंकी एवं पाइप लाइन कार्य आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में आधा अधुरा पड़ा हुआ

मुन्ना खान की रिपोर्ट पुष्पांजलि टुडे

टांडा बरूड़ नगर का आज प्रशासनिक अधिकारियों ने निरिक्षण किया करोड़ों रुपये कि लागत से जल जीवन मिशन के तहत बनने वाली टंकी व ग्रामीण क्षेत्रों में जो पाईप लाईन डाली जा रही जो कई महीनों से आधी अधुरी पड़ी है जिसको लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।जिसको लेकर मध्यप्रदेश सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के तहत बनने वाली पानी कि टंकी एवं पाईप लाईन के निरिड़क्षण करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए गए निर्देश पर खरगोन क्क॥.क्क से आला अधिकारी मोका स्थल पर ग्रामीण क्षेत्रों की गलियों का निरिक्षण किया गया जिस में खरगोन जिले के गावो में अधुरी पडी पाईप लाईन का निरिक्षण कर जांच कि ओर अधुरे पड़े निर्माण को पुरा करने के लिए ठेकेदारों को सक्कत निर्देश दिए गए जल जिवन मिशन के तहत पाइप लाइन टंकी बनाई जा रही है और ग्रामीण क्षेत्रों में काफी समस्या हो रही है इसको लेकर मिडिया कर्मियों द्रारा भी समस्याओं से अवगत कराया गया

## मालनपुर पुलिस थाना ने फरारी इनामी बदमाश को पकड़ने में सफलता हासिल की

पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर

भिंड। पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान द्वारा में चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान इनामी डकैती के विरुद्ध धरपकड़ अभियान में चेकिंग के दौरान थाना मालनपुर ने मोटरसाइकिल से जाते हुए पकड़ा तो उसकी कमर में 315 बोर का कट्टा एवं जिन्दा 315 कारतूस मिला नाम पूछने पर अपना नाम पिंटू उर्फ नन्दे पुत्र प्रकाश मिधा निवासी सीहौली थाना महाराजपुरा ग्वालियर बताया तो थाना मालनपुर जो पहले से ही फरार चल रहा था जिस पर 7500 का इनाम था मालनपुर थाना अपराध क्रमांक 160 / 2022 धारा 394 भादवी 11,13 इजाफा की धारा 450 बटा 398 आरोपी पिंटू उर्फ नंदे पुत्र प्रकाश आयु 35 साल को मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर कार्रवाई की इस कार्रवाई में मालनपुर थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह मावई ,उपनिरीक्षक बलवंत सिंह यादव, आरक्षक आदित्य सिंह गुर्जर ,आरक्षक पंकज तोमर, मंगल सिंह, रामवरन, का सराहनीय योगदान रहा।

# 13 को सोहोर में प्रदेशभर के सेनानियों के उत्तराधिकारियों का होगा समागम

**मुख्यमार्ग से निकाला जाएगा सद्भावना मार्च**

सीहोर। प्रदेशभर के स्वतंत्रता सेनानियों के उत्तराधिकारियों का समागम टाउनहाल में 13 अप्रेल को सुबह 9 बजे से शुरू होगा। इसमें देश के प्रमुख क्रान्तकारियों स्वतंत्रता संग्राम सेनानी,चिंतक विचारक, शहीद परिजन व उत्तरा धिकारी शामिल होंगे।सैकड़ाखेड़ी रोड स्थित शहीद स्मारक और शहीद कुं.चैनसिंह की छतरी पर दीप प्रज्वलन कर शहीद स्थल से मिट्टी एकत्र कर टाउन हाल में मिट्टी से पौधरोपण किया जायेगा। कलश बालिकाएं मार्च के आगे लेकर चलेंगी।यहां पुष्प भी अर्पित किये जाएंगे। इसके पश्चात 9 बजे से तहसील चौराहा स्थित गांधी पार्क में सर्वधर्मप्रार्थना सभा आयोजित होगी।बापू के प्रिय भजनों का गायन होगा। जिला पंचायतअध्यक्ष गोपाल इंजीनियर सदभावना मार्च को ध्वज दिखा कर रवाना करेंगे। मुख्यमार्ग से मार्च,कोतवाली चौराहा,आष्टा रोड, बसस्टैंड से टाउनहाल पहुंचेगा मार्च में उत्तरा धिकारी कतारबद्ध साम्प्रदायिक सदभाव व देशप्रेम के भावों से ओत प्रोत जयघोश करते, स्लोगन लिखी तख्तियां साथ लेकर चलेंगे स्वतंत्रता संग्राम से सम्बद्ध सामग्री का वितरण करते हुए टाउन हाल पहुंचेंगे।यहां स्वराज संस्थान के सौजन्य से स्वतंत्रता संग्राम से सम्बद्ध धायाचित्रों,सामग्री की प्रर्दशनी का शुभारंभ फीता काटकर नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर करेंगे। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया की प्रांत सम्मेलन के प्रमुख वक्ताओं में इंडियन आर्मी के सेवानिवृत्त वाइस चीफ जनरल मिलिंद नायडू,प्रख्यात समाज वादी चिंतक रघु ठाकुर,आचार्य प्रमोद कृष्णनन व देश के महान क्रांतिकारियों के परिजन शामिल होंगे। कार्यक्रम में अतिथि रूप में पूर्वसांसद सज्जनसिंह वर्मा,जिला कांग्रेस अध्यक्ष डा.बलवीर तोमर पूर्व नपाध्यक्ष राकेशराय मौजूद रहेंगे गौरतलब है की 13 अप्रेल को जलियावाला बाग कांड दिवस भी है।वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देश में साम्प्रादायिक सदभाव, देशप्रेम के भाव का संदेश देना ही वक्ताओं का उद्देश्य रहेगा। आयोजन को लेकर तैयारियां जारी हैं।संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अजय नारायण सीतलानी,महासचिव अशोक सिंधु तथा जिलाध्यक्ष संतोषसिंह ने सैनानियों के परिजनों से शामिल होने की अपील की है।

इम्पैक्ट प्लेयर रूल भारतीय ऑलराउंडर्स के लिए चुनौती

# आई पी एल में लखनऊ-राजस्थान को इससे फायदा; जानें टीमें कैसे करेंगी नियम का इस्तेमाल

इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्ढक्क) का 16वां सीजन शुक्रवार 31 मार्च से शुरू हो रहा है। 4 बार की विजेता चेन्नई सुपरकिंग्स और डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस के बीच लीग का पहला मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। 10 टीमों के टूर्नामेंट में लीग स्टेज के 70 और प्लेऑफ के 4 मुकाबले होंगे। 2008 से जारी लीग में पहली बार इम्पैक्ट प्लेयर रूल इस्तेमाल होगा। इस रूल के तहत टीमें प्लेइंग-11 में शामिल किसी एक खिलाड़ी को बेंच पर बैठे खिलाड़ी से मैच के बीच में रिप्लेस कर सकेंगी। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस नियम से ऑलराउंडर्स का प्रभाव कम होगा और गुजरात, लखनऊ, राजस्थान जैसी टीमों को फायदा मिलेगा। इम्पैक्ट प्लेयर नियम के तहत ढ्ढक्क मैच के बीच टीमें प्लेइंग-11 में शामिल किसी एक खिलाड़ी को बेंच पर बैठे खिलाड़ी से रिप्लेस कर सकेंगी। टीमों को टॉस के बाद प्लेइंग-11 के साथ 4-4 सब्स्टिट्यूट खिलाड़ी भी बताने होंगे। इन्हीं 4 में से कोई एक प्लेइंग-11 में शामिल खिलाड़ी को बीच मैच में रिप्लेस कर सकेगा। टीमें उस खिलाड़ी को भी रिप्लेस कर सकती है जो मैच में बैटिंग या बॉलिंग कर चुका हो। इम्पैक्ट प्लेयर को मैच में अपने खाते के पूरे चार ओवर गेंदबाजी करने को मिलेगी। साथ ही वह पूरे ओवर बल्लेबाजी भी कर पाएगा। हालांकि, एक इनिंग में किसी टीम के ज्यादा से ज्यादा 10 विकेट ही गिर सकते हैं। हां, अगर




प्लेइंग-11 में 3 विदेशी खिलाड़ी हैं तो विदेशी भी इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में किसी खिलाड़ी को रिप्लेस कर सकेगा। इस तरह एक टीम से मैच में 4 विदेशी ही खेल सकेंगे। अगर प्लेइंग-11 में पहले से 4 विदेशी खिलाड़ी हुए तो इम्पैक्ट प्लेयर कोई घरेलू भारतीय खिलाड़ी ही होगा। ओवर होने पर, विकेट गिरने पर, ब्रेक में, स्ट्रैटेजिक टाइम आउट या एक पारी खत्म होने के दौरान टीमें इस नियम का इस्तेमाल कर सकेंगी। जो 12वां खिलाड़ी ग्राउंड में आएगा वह प्लेइंग-11 में शामिल किसी एक खिलाड़ी को रिप्लेस करेगा। टीम के कप्तान को प्लेयर रिप्लेसमेंट के बारे में फील्ड अंपायर्स को भी इन्फॉर्म करना होगा। दिल्ली कैपिटल्स के हेड कोच और ऑस्ट्रेलिया के वर्ल्ड कप विनिंग कैप्टन रिकी पोंटिंग बोले कि इम्पैक्ट प्लेयर रूल ढ्ढक्क में ऑलराउंडर्स का प्रभाव कम करेगा। पहले बैटिंग आने पर टीमें टॉप ऑर्डर बैटर को स्पेशलिस्ट बॉलर से रिप्लेस कर लेगी। जल्दी विकेट गिरने पर भी टीमें टॉप ऑर्डर बैटर को भेज कर पावरप्ले का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करना चाहेंगी। इस रूल से 6 से 9वें नंबर पर बैटिंग करने के साथ 2-3 ओवर बॉलिंग करने वाले भारतीय ऑलराउंडर का इस्तेमाल कम हो जाएगा। इन खिलाड़ियों से अब वही काम कराया जाएगा, जिसमें वे माहिर हो, ऐसे में उनकी ऑलराउंड एबिलिटी कम होगी। इस कैटेगरी में वॉशिंगटन सुंदर, राहुल तेवतिया, दीपक चाहर, राहुल चाहर और श्रेयस गोपाल जैसे खिलाड़ी आते हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के पूर्व कोच और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी का भी मानना है कि इस नियम से भारतीय ऑलराउंडर्स कम होंगे। ढ्ढक्क के जरिए टीम इंडिया भारतीय ऑलराउंडर्स ढूंढ रही थी, लेकिन इस रूल से उनका प्रभाव घटेगा। इस रूल से पार्ट टाइम बॉलिंग करने वाले खिलाड़ी कम हो जाएंगे। उन्होंने स्र्ग्न के ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा का उदाहरण देते हुए बताया कि वे ओपनिंग बैटिंग करने के साथ लेफ्ट आर्म स्पिन बॉलिंग भी करते हैं। इम्पैक्ट प्लेयर रूल से टीम उन्हें बैटिंग कराने के बाद रिप्लेस कर दूसरी पारी में स्पेशलिस्ट बॉलर को शामिल कर लेगी। ऐसे में भारतीय ऑलराउंडर का इस्तेमाल कम होगा और वह मैच में कम इम्पैक्ट छोड़ पाएंगे। 4 इम्पैक्ट प्लेयर्स सिलेक्ट करने के लिए टीमों के पास कई ऑप्शन हैं। वे चाहें तो 4 प्रोपर बैटर्स, 4 प्रोपर बॉलर्स या 4 ऑलराउंडर्स के नाम भी दे सकती हैं।

# चोटिल अय्यर की जगह केकेआर ने नीतिश राणा को कप्तान बनाया

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने सोमवार को बायें हाथ के बल्लेबाज नीतिश राणा को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी चरण के लिए टीम का नया कप्तान चुना। राणा इससे श्रेयस अय्यर की जगह लेंगे जिनके पीठ की सर्जरी कराने की संभावना है जिससे उनके पूरे सत्र से बाहर रहने का खतरा मंडरा रहा है। बल्कि केकेआर के बयान से साफ संकेत मिलता है कि अय्यर के जल्दी वापसी करके खेलने की संभावना असंभव दिखती है। केकेआर के बयान के अनुसार, श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में नीतिश राणा टीम के कप्तान होंगे। अय्यर पीठ की



चोट से उबर रहे हैं। हम उम्मीद लगाये हैं कि श्रेयस इससे उबरकर आईपीएल 2023 के चरण के कुछ हिस्से में खेलेंगे। हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास नीतिश जैसा खिलाड़ी है जिनके पास सफेद गेंद के क्रिकेट में अपनी राज्य की टीम की अगुआई करने के साथ 2018 से केकेआर के साथ आईपीएल का अपार अनुभव है जिससे वह हमारे लिये शानदार काम करेंगे। राणा ने कहा , केकेआर 2018 से मेरा घर है और टीम की कप्तानी करना फख्र की बात है । इससे मुझे शीर्ष स्तर पर अच्छे प्रदर्शन की प्रेरणा मिलेगी । उन्होंने कहा, मेरे लिये नेतृत्व क्षमता दिखाने का यह सुनहरा मौका है और मैं खुद ही नहीं बल्कि टीम से भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने की कोशिश करूंगा । मैं श्रेयस को जल्दी ठीक होने के लिये शुभकामना देता हूं । राणा ने सैयद मुश्ताब अली ट्राफी में दिल्ली की कप्तानी की थी। हालांकि इस रणजी सत्र में उन्हें दिल्ली की टीम से उनके खराब प्रदर्शन के कारण बाहर कर दिया गया था। राणा ने सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में दिल्ली के 12 टी20 मैचों में कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली है जिसमें टीम को आठ में जीत और चार में हार मिली।

विराट बोले- दो ड्रिंक के बाद रात भर नाचता था

# अब ड्रिंकिंग छोड़ चुका हूं; अनुष्का बोलीं- हम 9.30 बजे तक सो जाते हैं

विराट कोहली और अनुष्का शर्मा 24 मार्च को इंडियन स्पोर्ट्स ऑनर्स अवॉर्ड में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने एक कहा कि वो पहले की तरह अब लेट नाइट पार्टीज में नहीं जाते। पहले वो रात तीन बजे तक जागते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब वो 9.30 बजे तक सो जाते हैं।विराट ने कहा- पहले 2-3 ड्रिंक के बाद मैं रातभर डांस करता था। अब ड्रिंकिंग छोड़ दी है। विराट और अनुष्का ने स्टार स्पोर्ट्स को दिए इंटरव्यू में यह बातें कहीं। अनुष्का ने कहा, अब हम रात 9–30 बजे तक अपने बेड पर होते हैं। पहले रात 3 बजे तक जागते थे, लेट



नाइट पार्टी करते थे लेकिन वामिका के जन्म के बाद ये संभव नहीं है। ये कोई एक्सक्यूज नहीं, रियलटी है। बच्चे के जन्म के बाद आप बहुत ज्यादा सोशल नहीं हो सकते। हम इससे खुश हैं, क्योंकि हम दोनों ही ज्यादा सोशल रहना पसंद नहीं करते। हमें छोटी-छोटी चीजें पसंद हैं, जैसे घर पर वक्त बिताना। हमें एक-दूसरे के साथ वक्त बिताने का ज्यादा समय नहीं मिलता इसलिए जब भी समय मिले, हम इसे फैमिली के साथ बिताना पसंद करते हैं। विराट ने कहा, %अब तो मैं ड्रिंक नहीं करता, लेकिन पहले जब भी किसी पार्टी में जाता तो दो-तीन ड्रिंक के बाद मैं रुकता नहीं था। रात भर डांस करता था फिर मुझे किसी चीज की परवाह नहीं होती थी। खैर ये सब पहले की बात है। अब ऐसा नहीं होता। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली की शादी 2017 में हुई थी। दोनों ने तीन साल की डेटिंग के बाद इटली के टस्कनी में सात फेरे लिए थे। अनुष्का ने 2021 में बेटी वामिका को जन्म दिया। मां बनने के बाद से ही अनुष्का फिल्मों से गायब हैं। उनकी पिछली फिल्म %जीरो% थी जो 2018 में रिलीज हुई थी।

पाकिस्तान ने तीसरा टी-20 जीता

# अफगानिस्तान को 66 रन से हराया, अफगानिस्तान ने 2-1 से सीरीज जीती

**शारजाह।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच,श्व के शारजाह में खेले गए तीसरे और आखिरी टी-20 में आखिरकार पाकिस्तान को जीत मिल ही गई। पकितस्तान ने अफगानिस्तान को 66 रन से हराया। टॉस अफगानिस्तान ने जीता और फील्डिंग चुनी। पहले बल्लेबाजी करने 20 ओवर में 7 विकेट खो कर 182 रन बनाए। जवाब में अफगानिस्तान 116 रन पर ही ऑलआउट हो गया। पाकिस्तान के कप्तान शादाब शान ने अपने 87 वें मैच में 100 टी20 विकेट पूरे करने वाले पहले पाकिस्तानी और कुल मिलाकर सातवें गेंदबाज बन गए। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ 3 विकेट झटके। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान टीम में सभी बल्लेबाजों ने थोड़े-थोड़े रन बनाए। ओपनिंग करने उतरे मोहम्मद हारिस 1 रन बना कर आउट हो गए। इसके बाद तय्यब ताहिर ने 10 रन बनाए। ओपनर सईम अयूब 49रन की शानदार पारी खेल कर पवेलियन लौटे। वहीं, अब्दुल्लाह शफीक ने भी 4 मैच बाद आखिरकार अपना खाता खोला। उन्होंने 13 बॉल में 23 रन की पारी खेली। इफ्तिखार अहमद ने 25 बॉल पर 31 रन बनाए और इमाद वसीम 13 रन बना कर आउट हुए। आखिर में शादाब खान ने धमाकेदार पारी खेली और 164 के स्ट्राइक रेट मसे 17 बॉल में 28 रन स्कोर किए। मोहम्मद नवाज 5 और मोहम्मद वसीम 9 रन बना कर नॉटआउट रहे। अफगानिस्तान के सभी गेंदबाजों को विकेट मिले। मुजीब उर रहमान को 2 विकेट हासिल हुए। वहीं, फाजलहक फारूकी, मोहम्मद नबी, फरीद अहमद, रशीद खान और कर्म जनत को 1-1 विकेट मिले। अफगानिस्तान की टीम लगातार विकेट गवांते ही चली गई। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज 18 और सेदिकुल्लाह अटल 11 रन बना कर आउट हुए। वहीं, इब्राहिम जदरान 3, उस्मान घनी 15 और मोहम्मद नबी 17 रन बना कर पवेलियन लौटे। मिडिल आर्डर पूरी तरह फेल रहा। नजीबुल्लाह जदरान 0 रन पर रिटायर्ड हर्ट हो गए और करीम जनत पहली ही बॉल पर आउट हो गए। कप्तान रशीद खान भी 14 गेंद पर 16 रन ही बना सके। टीम 116 रन पर ऑलआउट हो गई। पाकिस्तान की गेंदबाजी सटीक रही। इहसानुल्लाह और शादाब खान ने 3-3 विकेट झटके। इमाद वसीम, जमन खान और मोहम्मद वसीम को 1-1 विकेट मिला। अफगानिस्तान ने पहली बार टॉप 6 किसी के खिलाफ सीरीज जीती है। टॉप-6 टीम में,भारत पाकिस्तान, इंग्लैंड ,साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड आते है। अफगानिस्तान इससे पहले वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज जीत चुकी है।

# भारतीय भारोत्तोलक भराली बेदब्रत को विश्व युवा चैम्पियनशिप में कांस्य

**नयी दिल्ली।** भारतीय भारोत्तोलक भराली बेदब्रत ने अलबानिया में आईडब्ल्यूएफ विश्व युवा चैम्पियनशिप में पुरूषों के 67 किलोवर्ग में कांस्य पदक जीता । 15 वर्ष के इस भारोत्तोलक ने 267 किलो वजन उठाया । आर्मेनिया के सेरिओजा बी को स्वर्ण और सउदी अरब के मोहम्मद अल मरजोक को रजत पदक मिला । भराली ने क्लीन और जर्क वर्ग में 148 किलो वर्ग



में भी कांस्य पदक जीता । महिलाओं के 49 किलोवर्ग में कोयल बार नौवें स्थान पर रही जबकि 55 किलोवर्ग में मीना सांता 13वें स्थान पर रही ।

# अर्चना ने इंडियन ग्रां प्री2 में 100 और 200 मीटर की दौड़ जीती

**तिरूवनंतपुरम।** तमिलनाडु की अर्चना सुसींद्रन ने एएफआई इंडियन ग्रां प्री2 में 100 मीटर फाइनल में हिमा दास को हराया और 200 मीटर में भी उसके अयोग्य करार दिये जाने का फायदा उठाकर स्वर्ण पदक जीता । अर्चना ने 100 मीटर की दौड़ 11 . 52 सेकंड में जीती जबकि हिमा उनसे 0.22 सेकंड पीछे रही । वहीं 200 मीटर की दौड़ उन्होंने 23 . 21 सेकंड में पूरी की । पुरूषों के शॉटपुर में तेजिंदर पाल सिंह तूर ने 19 . 76 मीटर के थ्रो के साथ पीला तमगा जीता । राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक



विजेता केरल के एल्डोस पॉल ने पुरूषों की त्रिकूद स्पर्धा 16 . 27 मीटर के साथ जीती । केरल के ही कार्तिक उन्नीकृष्णन और अब्दुल्ला अबूबाकर दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे । पुरूषों की सौ मीटर दौड़ में हरियाणा के संजीत सिंह ने ओडिशा के अमिय कुमार मलिक को हराया ।

# यूटीटी का चौथा सत्र जुलाई में, बेंगलुरू स्मैशर्स होगी नयी टीम

**मुंबई।** भारत के शीर्ष खिलाड़ी 13 से 30 जुलाई तक पुणे के बालेवाड़ी खेल परिसर में होने वाली अल्टीमेट टेबल टेनिस लीग ( यूटीटी ) में भाग लेंगे । टूर्नामेंट तीन साल के ब्रेक के बाद खेला जायेगा । इसमें बेंगलुरू स्मैशर्स पहली बार नजर आयेगी । यूटीटी के अध्यक्ष विता दानी ने कहा,हमें खुशी है कि अल्टीमेट टेबल टेनिस की वापसी हो रही है । कोरोना महामारी से सब कुछ थम गया था । लेकिन तीन साल बाद भी अब भारत में खेल को बढावा देने के हमारे प्रयास जारी रहेंगे । अन्य टीमों में यू मुंबा टीटी, पुणेरी पल्टन टीटी, गोवा चैलेंजर्स, दबंग दिल्ली



और आरपीएसजी मावेरिक्स कोलकाता शामिल हैं । चेन्नई लायंस इस सत्र का हिस्सा नहीं है जिसने 2019 में खिताब जीता था ।

# स्पेन दूतावास ने स्पैनिश हिन्दी फुटबॉल शब्दकोष का लोकार्पण किया

**नयी दिल्ली।** स्पेन के इंस्टिट्यूटो सर्वेंटीस और ला लिगा लीग ने सोमवार को नयी दिल्ली स्थित स्पेन के दूतावास में स्पैनिश-हिन्दी फुटबॉल शब्दकोष का लोकार्पण किया। एक बयान के अनुसार शब्दकोष का विमोचन भारत में स्पेन के राजदूत जोस मारिया रिडाओ ने किया । इस अवसर पर दिल्ली में इंस्टिट्यूटो सर्वेंटीस के निदेशक ऑस्कर पुजोल और ला लिगा इंडिया के प्रबंध निदेशक जोस एंटोनियो कचाजा भी मौजूद थे। स्पेन के राजदूत जोस मारिया रिडाओ ने कहा कि हम पहले ही स्पैनिश बांग्ला संस्करण पेश कर चुके हैं और आज स्पैनिश-हिन्दी फुटबॉल शब्दकोष जारी करके हम



दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को और बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि फुटबॉल भारत में लोकप्रिय हो रहा है और इस प्रकार की कोशिशों से न सिर्फ भारत और स्पेन के रिश्ते मजबूत होंगे बल्कि नये क्षेत्रों में गठजोड़ के अवसर भी बढ़ेंगे। ला लिगा के प्रबंध निदेशक जोस एंटोनियो कचाजा ने कहा कि फुटबॉल आने वाले समय में भारत और स्पेन के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने का महत्वपूर्ण आधार बनेगा।

आई पी एल के बॉलिंग लीजेंड्स

# टॉप-10 में 7 भारतीय, हर 17 बॉल में विकेट लेते हैं चहल; अमित मिश्रा के नाम 3 हैट्रिक

आज ढ्ढक्क की स्पेशल स्टोरी में हम टीमों को चैंपियन बनाने वाले टॉप-10 गेंदबाजों के बारे में जानेंगे। वे बॉलर्स जिन्होंने टूर्नामेंट इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेकर विपक्षी बैटिंग लाइन-अप की कमर तोड़ी और अपनी टीमों को कई मैच जिताए। इनमें भारत के अमित मिश्रा, युजवेंद्र चहल से लेकर वेस्टइंडीज के ड्वेन ब्रावो और श्रीलंका के लसिथ मलिंगा तक शामिल हैं। वेस्टइंडीज के बॉलिंग ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो को मैन विद द गोल्डन आर्म कहा जाता है। क्योंकि वे अपनी टीम को जरूरत के समय ब्रेक थ्रू दिलाते हैं। ढ्ढक्क के 161 मैचों में उनके नाम सबसे ज्यादा 183 विकेट हैं। इन मैचों में उन्होंने 39.3त्न डॉट बॉल फेंकी। स्लोअर बॉल फेंकने में माहिर ब्रावो हर 17वीं बॉल और 24 रन देने में एक विकेट लेते हैं। ब्रावो संन्यास ले चुके हैं और इस सीजन में ढ्ढक्क खेलते नजर नहीं आएंगे। श्रीलंकाई लीजेंड लसिथ मलिंगा का साइड आर्म बॉलिंग एक्शन, लगातार यॉर्कर और स्लोअर बॉल फेंकने की क्षमता उन्हें दुनिया के सबसे खतरनाक टी-20 बॉलर्स में से एक बनाती है। 122 मैचों में 170 विकेट लेने वाले मलिंगा ने अपने ढ्ढक्क करियर में 48त्न गेंदें डॉट कराईं। 7.14 के बेहतरीन इकोनॉमी रेट के साथ उन्होंने हर 20वीं बॉल पर एक विकेट लिया है। कई बार डेथ ओवर्स में गेंदबाजी




करते हुए अपनी टीम को मैच जिताए हैं। मलिंगा रिटायर हो चुके हैं और अब अपनी एकमात्र ढ्ढक्क टीम मुंबई इंडियंस में बॉलर्स को कोचिंग देते हैं। भारतीय लेग स्पिनर अमित ढ्ढक्क लीजेंड हैं। अपने पूरे करियर में वह दिल्ली और हैदराबाद फ्रेंचाइजी के लिए ही खेले, लेकिन इस बार लखनऊ टीम का हिस्सा हैं। गेंदबाज मिश्रा के नाम ढ्ढक्क में सबसे ज्यादा 3 हैट्रिक हैं और वे लेग स्पिन के साथ बेहतरीन गुगली भी फेंकते हैं। उन्होंने 154 मैचों में 166 विकेट चटकाए हैं। मिश्रा ने अपने ढ्ढक्क करियर में करीब 541 ओवर गेंदबाजी की और 1154 गेंदों (38.3त्न) पर कोई रन नहीं दिया। भारतीय टीम के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल दिलेर गेंदबाज हैं और फ्लैट ट्रैक पर भी विकेट लेने की क्षमता रखते हैं। अपने ढ्ढक्क करियर के ज्यादातर मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले, जहां बैटर्स को ही मदद मिलती है। उन्होंने इस ग्राउंड पर खेले 40 मैचों में महज 7.74 की इकोनॉमी से 51 विकेट लिए। ढ्ढक्क करियर के 166 में 139 विकेट उन्होंने ञ्जष्टक्च के लिए ही चटकाए। ओवरऑल ढ्ढक्क करियर की बात करें तो वह हर 17वीं बॉल में एक विकेट लेते हैं। 2008 में पंजाब टीम से ढ्ढक्क करियर शुरू करने वाले 34 साल के पीयूष चावला के नाम टूर्नामेंट में 157 विकेट हैं। इस बार मुंबई टीम का हिस्सा पीयूष ने 2016 तक हर सीजन में 11 प्लस विकेट लिए। लेकिन 2017 से उनके विकेट लेने की क्षमता कम हुई और पिछले 4 सीजन के 21 मैचों में वह 17 ही विकेट ले सके हैं। इस बार भी वे मुंबई से खेलते नजर आएंगे। चेन्नई सुपरकिंग्स से अपना ढ्ढक्क करियर शुरू करने वाले रविचंद्रन अश्विन के नाम टूर्नामेंट में 157 विकेट हैं। अश्विन अपनी ऑफ स्पिन गेंदबाजी में कई तरह के वेरिएशन के लिए फेमस हैं। ऑफ स्पिन के साथ वे टॉप स्पिन, कैरम बॉल, आर्म बॉल और लेग स्पिन के साथ चतुराई से एक्शन बदलकर भी गेंदबाजी कर लेते हैं। दिल्ली, पंजाब और पुणे से खेल चुके अश्विन इस बार राजस्थान टीम के साथ हैं।

इंडियंस से ढ्ढक्क करियर शुरू करने वाले हरभजन सिंह के नाम 150 विकेट हैं। वह अब इंटरनेशनल और घरेलू क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। लेकिन संन्यास से पहले उन्होंने 3 ढ्ढक्क टीमों को रिप्रेजेंट किया और 4 टाइटल जीते। 2013, 2015 और 2017 में मुंबई के बाद उन्होंने 2018 में चेन्नई सुपरकिंग्स के साथ भी खिताब जीता।



# असली और नकली जूते में फर्क भूलीं करीना कपूर शू-शेप केक काटते डरीं 'बेबो'

बी-टाउन की ग्लैमरस क्वीन करीना कपूर खान हाल ही में एक शू शॉप का प्रमोशन करने पहुंचीं. मुंबई में स्थित फुटवियर फिजी गॉबलेट के प्रमोशनल इवेंट में करीना कपूर ने पूरी लाइमलाइट चुरा ली थी. उन्होंने अपने अंदाज में शूज का प्रमोशन किया. इस इवेंट से एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें एक्ट्रेस असली और नकली जूते में कंफ्यूज होते हुए नजर आ रही हैं. इवेंट में पहुंची करीना कपूर ने केक कटिंग भी की. इस दौरान शू-शेप कटिंग के दौरान एक्ट्रेस के रिएक्शन ने सभी का ध्यान खींच लिया. इवेंट में केक काटते वक्त करीना कपूर हाइपर रियलिस्टिक शू-शेप केक और असली जूते में काफी कंफ्यूज दिख रही हैं. उन्हें शू-शेप केक काटते हुए डर भी लग रहा है. काफी ध्यान लगाने के बाद और फिर असली जूते को चेक करने के बाद आखिरकार एक्ट्रेस ने डर-डरकर केक काटा. शू-शेप केक काटकर वह हैरान भी नजर आई. उन्होंने कहा कि उन्हें केक खाने में डर लग रहा है. फुटवियर शोरूम के इवेंट में करीना कपूर ने ऑरेंज कलर की वन शोल्डर ड्रेस पहनी थी, जिसमें वह हमेशा की तरह स्टनिंग लग रही थीं. उन्होंने अपने बालों को वेवी लुक देकर खुला छोड़ दिया था. ईयररिंग्स के साथ उन्होंने अपने लुक को एलिगेंट रखा. उनका ओवरऑल अवतार काफी अट्रैक्टिव था. करीना कपूर के वर्क फ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस को आखिरी बार आमिर खान की फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' में देखा गया था. जल्द ही वह रिया कपूर की फिल्म 'द क्रू' में तब्बू और कृति सेनन के साथ नजर आएंगी. इसके अलावा वह ओटीटी की दुनिया में भी कदम रखने वाली हैं. वह 'द डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स' पर बेस्ड सुजॉय घोष की अपकमिंग फिल्म में दिखाई देंगी. उनके पास हंसल मेहता की मर्डर मिस्ट्री भी पाइपलाइन में है.





## डिपनेक ड्रेसः कातिल अदाएं नेहा मलिक की खूबसूरती के कायल हुए फैंस

तस्वीरों में एक्ट्रेस ग्लैमरस लुक में सड़क किनारे खड़ी होकर सेक्सी पोज दे रही हैं. नेहा इस फोटोशूट में ब्राउन शिमरी ड्रेस पहने हुए है. जो काफी ज्यादा डीपनेक है. एक्ट्रेस ने अपना ये लुक खुले बालों और ग्लोसी मेकअप से पूरा किया है. साथ ही उनकी स्माइल खूबसूरती में चार चांद लगा रही हैं. हर तस्वीर में नेहा का कातिलाना पोज देखने को मिल रहा है. फैंस को भी एक्ट्रेस का ये लुक काफी पसंद आ रहा है. नेहा भोजपुरी की सबसे बोल्ड एक्ट्रेस मानी जाती है. जिन्हें सोशल मीडिया पर 3 मिलियन से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं.







## इस एक्ट्रेस की वजह से राज कपूर का घर छोड़कर चली गईं थीं पत्नी, ऋषि कपूर की किताब में बड़ा खुलासा

राज कपूर ने पर्दे पर जितनी शोहरत हासिल की थी. एक्टर की पर्सनल लाइफ भी उतनी ही चर्चा में रहती थी. खबरों के अनुसार राज कपूर ने शादीशुदा होते हुए भी नरगिस के साथ अफेयर किया था. दोनों का रिश्ता काफी वक्त तक सुर्खियों में रहा. लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि इनके बाद एक्टर खूबसूरत अदाकारा वैजयंती माला पर दिल हार बैठे थे. जब इस बात की भनक एक्टर की पत्नी को लगी तो वो उनसे नाराज होकर घर छोड़कर चली गई थीं. रिपोर्ट्स के अनुसार वैजयंती माला की वजह से राज कपूर की पत्नी कृष्णा 2 महीने के लिए घर छोड़कर चली गई थीं. दरअसल वैजयंती माला ने राज कपूर के साथ फिल्म 'संगम' में काम किया था. जिसमें दोनों की रोमांटिक केमिस्ट्री लोगों का काफी ज्यादा पसंद आई थी. वहीं शूटिंग के दौरान दोनों एक-दूसरे के काफी करीब भी आ गए थे. इस बात से राज की पत्नी कृष्णा इतनी खफा हो गई थीं कि वो बच्चों को लेकर होटल में जाकर रहने लगी. इस बात का जिक्र ऋषि कपूर की किताब 'खुल्लम खुल्ला' में किया गया है. बताते चलें कि राज कपूर ने 22 साल की उम्र में ही कृष्णा मल्होत्रा से शादी कर ली थी. ये स्टार कपल पांच बच्चों के पेरेंट्स बने. जिनमें तीन बेटे रणधीर कपूर, ऋषि कपूर और राजीव कपूर और दो बेटियां ऋतु नंदा कपूर और रीमा कपूर है. राज कपूर ने अपने लंबे करियर में हिंदी सिनेमा को अनगिनत सुपरहिट फिल्में दी हैं. जिसमें 'आवारा', 'मेरा नाम जोकर', 'संगम' जैसी फिल्मों के नाम शामिल है. राज कपूर को अपनी बेहतरीन अदाकारी की वजह से हिंदी सिनेमा का 'शो मैन' कहा जाता है.

## मेरे मुल्क से नहीं मिला इंडिया जैसा प्यारः पाकिस्तानी एक्ट्रेस सबीना फारुख

पाकिस्तान की फेमस टीवी एक्ट्रेस सबीना फारुख किसी अलग पहचान की मोहताज नहीं हैं. पाकिस्तानी टीवी सीरियल तेरे बिन में हया के किरदार के जरिए सबीना फारुख ने अपनी खास पहचान बनाई है. इतना ही नहीं छोटे पर्दे पर निगेटिव रोल को किस तरह से अदा किया जाता है ये काम सबीना ने बखूबी कर दिखाया है. इस बीच सबीना फारुख ने अपने रोल को लेकर इंडियन ऑडियंस के रिएक्शन के बारे में खुलकर बात की है. बीते समय से देखा गया है पाकिस्तानी टीवी सीरियल और स्टार कास्ट का क्रेज भारत में काफी बढ़ा हुआ है. फिर चाहें वो पाक टीवी सीरियल मेरे हमसफर हो या फिर तेरे बिन. इस बीच तेरे बिन स्टारर सबीना फारुख ने हाल ही में बीबीसी न्यूज को एक इंटरव्यू दिया है, जिसमें सबीना ने भारत के लोगों के रिएक्शन के बारे में बात की जो उनके किरदार हया के लिए होते हैं. सबीना फारुख बताया है कि- इंडिया से जो लोगों के रिएक्शन आते हैं उनके बारे में जितनी बात करूं उतना कम है. लोगों के रिएक्शन बहुत अच्छे और बहुत जबरदस्त रहते हैं. इंडिया से जिस खूबसूरती और डिटेल्स में जो लोग मैजेस करते हैं, उसके बारे में आपको क्या कहना है. वो आपके किरदार की सही मायनों में तारीफ करते हैं. जिसे सुनकर और जानकर मुझे काफी अच्छा लगता है. अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए सबीना फारुख ने कहा है कि- जिस तरीके से प्यार भारत की तरफ से मेरे किरदार को मिलता है वो पाकिस्तान से नहीं मिलता है. जो मेरे लिए काफी सरप्राइज है. निगेटिव रोल की वजह से यहां के लोग मेरे बारे में काफी गलत लिखते हैं और बुरा भला भी कहते हैं. इस तरीके से सबीना फारुख ने भारत और पाकिस्तान के बारे में खुलकर बात कही है.



## शादी से पहले ही प्रियंका चोपड़ा ने फ्रिज कर लिए थे अपने एग्स

हिंदी सिनेमा से लेकर हॉलीवुड तक अपनी खास पहचान बनाने वालीं प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी आने वाली वेब सीरीज सिटाडेल 2 को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं. अपनी दमदार एक्टिंग के लिए प्रियंका का नाम काफी मशहूर है. इस बीच प्रियंका चोपड़ा ने एक बड़ा खुलासा किया है. जिसके चलते प्रियंका ने बताया है कि अपनी मां कहने पर उन्होंने शादी से पहले ही अपने एग्स फ्रीज कर दिए थे, क्योंकि उन्हें हमेशा से बच्चे चाहिए थे. हाल ही में प्रियंका चोपड़ा ने डैक्स शेफर्ड को एक लेटेस्ट इंटरव्यू दिया है. इस दौरान प्रियंका चोपड़ा ने अपने मां बनने के सपने के बारे में खुलकर बात की है. प्रियंका चोपड़ा ने बताया है कि- मुझे हमेशा से बच्चे काफी पसंद थे. मैंने यूनीसेफ में भी बच्चों के साथ काफी वक्त गुजारा है. हमेशा मैं चाहती थी कि मैं मां बनूं क्योंकि बच्चों से मेरा लगाव जो इतना गहरा है. अपनी मां के कहने पर मैंने 30 साल की उम्र में ही अपने एग्स को फ्रीज कर दिया. मेरी मां मधु चोपड़ा जो खुद एक पेशवर गायनोलॉजिस्ट हैं, उनका मानना है कि 35 साल के बाद महिलाओं को मां बनने में काफी दिक्कतों को सामना करना पड़ता है. ऐसे में पूरे मेडिकल प्रोसेस के जरिए मैंने ये काम किया. उस वक्त तो मेरी भी शादी भी नहीं हुई थी और न ही मैं निक जोनस को डेट कर रही थी. एग्स फ्रिज करवाने के बाद मुझे काफी फ्रीडम महसूस हुआ, क्योंकि मुझे उस दौरान अपने करियर में काफी कुछ हासिल जो करना था. साल 2018 में प्रियंका चोपड़ा ने हॉलीवुड सुपरस्टार निक जोनस के साथ शादी रचाई थी. ऐसे में शादी के 3 साल बाद जनवरी 2022 में प्रियंका चोपड़ा ने सेरोगेसी के जरिए बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस की मां बनीं. मालूम हो कि हेल्थ समस्याओं के जरिए प्रियंका चोपड़ा ने सेरोगसी का रास्ता अपनाया था. मौजूदा समय में प्रियंका चोपड़ा अपनी लाड़ली मालती के साथ आए दिन सोशल मीडिया पर शानदार तस्वीरें शेयर करती रहती हैं.



## एक नजर...

# हिमाचल प्रदेश में आयोजित साहसिक शिविर में स्वयंसेविकाओ ने की भागीदारी

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**



**ग्वालियर।** हिमाचल प्रदेश मे आयोजित साहसिक शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका आंचल कुशवाह ने मध्य प्रदेश दल में भागीदारी करने औरनरसापुर पश्चिम गोदावरी आंध्र प्रदेश में महाविद्यालय की एनएसएस की स्वयंसेविका दिव्या माहौर ने की मध्यप्रदेश दल में भागीदारी। जिसके चलते महाविद्यालय के प्राचार्य एम.आर कौशल, महाविद्यालय की जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीमती मीना सचान, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.वीणा शुक्ला, डॉ.कृष्णा सिंह और डॉ. संगीता सोमवंशी ने दोनों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।

# एसडीएम श्रीमती ज्योति ठाकुर का स्थानांतरण हुआ छिंदवाड़ा

## सुश्री कामिनी ठाकुर लेगी लांजी एसडीएम पद का प्रभार

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

लांजी- प्रशासकीय कार्य व्यवस्था के तहत विगत दिनों लांजी एसडीएम श्रीमती ज्योति ठाकुर का स्थानांतरण छिंदवाड़ा हुआ था जिसके तहत कलेक्टर बालाघाट के द्वारा आपको 29 मार्च को भारमुक्त करने के आदेश प्रदान किये गये है तथा इसी प्रशासकीय कार्य व्यवस्था के तहत कटंगी एसडीएम सुश्री कामिनी ठाकुर को आगामी आदेश पर्यन्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लांजी के पद पर प्रभार संभालने हेतु आदेशित किया गया है। जल्द ही सुश्री कामिनी ठाकुर लांजी पंहुचकर एसडीएम पद पर प्रभार गहण करेगी।

**एसडीएम श्रीमती ज्योति ठाकुर को समारोह आयोजित कर दी गई विदाई**–लांजी एसडीएम श्रीमती ज्योति ठाकुर 15 नवबंर 2021 को लांजी एसडीएम पद भार ग्रहण किया था, लांजी में 1 वर्ष 4 माह का सफलतम कार्यकाल एसडीएम श्रीमती ठाकुर का रहा है। इनके छिंदवाड़ा स्थानानतरण पर स्थानीय अधिकारी गण राजस्व एवं अन्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियो के द्वारा कार्यालय परिसर मे विदाई समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। इस दौरान लांजी एसडीओपी दुर्गेश आर्मो, सीईओ रंजित ताराम, तहसीलदार सतीश चौधरी, नायब तहसीलदार दिग्विजय परस्ते, सब रजिस्ट्रार उईके, आर आई रविन्द्र सोमनकर, भूपेन्द्र अहिरवार, पटवारी इन्द्रपाल मडावी, रूपेन्द्र कुथे, पारस भगत, स्वाती नागवंशी सहित सभी हल्के के पटवारी, समस्त राजस्व अमला, कार्यालयीन अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा विदाई दी गई। सभी ने एसडीएम ज्योति ठाकुर को अग्रिम कार्य क्षेत्र के लिये बधाई प्रेषित करते हुये उज्जवल भविष्य की कामना की।

# डेयरी पर मिलावटी दूध बनाने का सामान मिलने पर नमूने लेकर डेयरी संचालक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**





भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देश पर एवं अभिहित अधिकारी भिण्ड के निर्देशन में आज खाद्य सुरक्षा विभाग दल एवं थाना फूप के पुलिस बल द्वारा संयुक्त रूप से फूप स्थित दो डेयरियों पर कार्यवाही की गई। कार्यवाही अंतर्गत गायत्री नगर वार्ड क्रमांक 12 फूप में सुधीर शर्मा द्वारा संचालित गायत्री डेयरी पर घी का नमूना लिया गया। इसी प्रकार ग्राम भगवासी थाना फूप क्षेत्रान्तर्गत प्रमोद गोयल पुत्र विश्राम सिंह गोयल के मकान में संचालित मावा भट्ठी पर कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान मौके पर रिफाइण्ड पॉम कर्नल ऑयल एवं स्किम्ड मिल्क पाउडर के उपयोग से मावा निर्माण होते पाया गया। साथ ही डेयरी में 02 टीन रिफाइण्ड पॉम कर्नल ऑयल, स्किम्ड मिल्क पाउडर के एक किलोग्राम के 50 पैकेट, 150 किलोग्राम मावा एवं 37 टीन घी (555 किलोग्राम) संग्रहित पाया गया। रिफाइण्ड, स्किम्ड मिल्क पाउडर, मावा एवं घी के नमूने लेकर जप्त किया गया। जप्तशुदा माल की कीमत लगभग 04 लाख रूपये है। संबंधित डेयरी संचालक के विरुद्ध थाना फूप में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। इस दौरान फूप थाना प्रभारी प्रमोद साह, खाद सुरक्षा अधिकारी श्रीमती रीना बंसल, अवनीश गुप्ता, कु. रेखा सोनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# संभागीय आयुक्त सिंह ने पशुपालन विभाग की समीक्षा की

मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना के तहत ग्वालियर-चंबल संभाग में शतप्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति की गई है। 365 हितग्राहियों को योजना के तहत लाभान्वित किया गया है। संभागीय आयुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को विभागीय समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी गई। संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने गूगल मीट के माध्यम से ग्वालियर-चंबल संभाग में पशुपालन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि पशुपालन की गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में किसानों तथा महिलाओं से लाभकारी आजीविका सृजन करने के लिए मुख्यमंत्री दुधारू पशु योजना प्रारंभ की गई है। मध्यप्रदेश में विशेष पिछड़ी जनजाति बेगा, सहरिया तथा भरिया को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने एवं कुपोषण से मुक्ति दिलाने हेतु प्रत्येक परिवार के लिये दो ङ्क दो दुधारू पशु बेगा, सहरिया तथा भरिया जनजाति को 90 प्रतिशत अनुदान पर पशुधन उपलब्ध कराया जाता है। ग्वालियर जिले में इस वर्ष 365 के लक्ष्य को शतप्रतिशत प्राप्त कर लिया गया है। संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने निर्देशित किया है कि हितग्राहियों को पशुधन उपलब्ध कराने के पश्चात विभागीय अधिकारी निरंतर मॉनीटरिंग करें। हितग्राहियों को मिल्क रूट से जोड़ने का कार्य भी किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि पशुपालन विभाग अन्य किसानों एवं परिवारों को भी पशुधन से जोड़ने का प्रयास करे। पशुधन का पालन करने वाले परिवारों को मिल्क रूट से जोड़ने का कार्य भी किया जाए। बैठक में कलेक्टर श्योपुर एवं कलेक्टर दतिया ने अपने ङ्क अपने जिले में किए जा रहे प्रयासों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पशुपालन विभाग के माध्यम से संचालित अन्य योजनाओं के लिये विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में श्योपुर कलेक्टर शिवम वर्मा, दतिया कलेक्टर संजय दुबे, जिला पंचायत सीईओ श्योपुर अतेन्द्र गुर्जर, संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा विभाग अशोक सिंह तोमर, मैनेजर दुग्ध संघ विजय कुमार अग्रवाल, उप संचालक पशु चिकित्सा ग्वालियर डॉ. अखिलेश पटेरिया सहित ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों से पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।



# नल जल योजना के तहत ठेकेदार मशीन से आरसीसी तोड़ रहे हैं तो लोगों के मकान हो रहे हैं क्षतिग्रस्त

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ.बेताल सिंह गौड़**



**मौ।** गुरयाची ग्रामीण इलाके में नल जल योजना के तहत घर घर जल पहुंचे इसके लिए सरकार द्वारा पाइप लाइन डालकर हर व्यक्ति के घर पानी मिले यह सरकार की सुविधा है और उस सुविधा की जगह लोगों को परेशानी हो रही है मशीन आर सी सी तोड़ रही है इससे लोगों के मकान की दीवारों में गहरी दरारें पड़ रही हैं जिससे मकान क्षतिग्रस्त हो सकते हैं यह घटना ग्राम गुरयाची की है क्षतिग्रस्त मकान मालिक रिंकू सिंह जादौन का कहना है कि नल जल योजना के ठेकेदार जी से मना करने के बाद जबरदस्ती सीसी रोड़ को तोड़ा गया और मकान छतिग्रस्त हुआ तो हमने रोका तो ठेकेदार जी बोले रोकोगे तो एफ.आई.आर. करवा दूंगा।

# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन का कार्य निर्वाचन की तर्ज पर किया जाए : दीपक सिंह

ग्वालियर । महिला सशक्तिकरण के लिये प्रदेश में लागू की गई मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजना है। ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों में पात्र सभी बहनों को योजना का लाभ दिलाने के लिये निर्वाचन की तर्ज पर कार्य किया जाए। घर-घर पहुँचकर पात्र महिलाओं को योजना का लाभ दिलाए जाने का कार्य हो। जिन बहनों की ई-केवायसी नहीं हुई है उनकी ई-केवायसी कराने और जिन बहनों के पास ई-केवायसी है उनके फॉर्म भरवाने का कार्य तेजी के साथ किया जाए। संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने बुधवार को संभाग स्तरीय अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में यह निर्देश दिए हैं। संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने ग्वालियर एवं चंबल संभाग के संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया है कि वे निरंतर मॉनीटरिंग कर सभी केन्द्रों पर ई-केवायसी करवाने के साथ ही फॉर्म भरवाने का कार्य तेजी से कराएँ। केन्द्रों पर आने वाली महिलाओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसकी भी मॉनीटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि ई-केवायसी का कार्य पूरी तरह से निन्शुल्क है, इसका भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि कोई भी व्यक्ति पैसे की माँग न कर पाए। ई-केवायसी के नाम पर कोई भी व्यक्ति अगर पैसे की मांग करता है तो उसके खिलाफ



दण्डात्मक कार्रवाई की जाए। संभागीय आयुक्त ने महिला एवं बाल विकास विभाग की उप संचालक श्रीमती रेखा सिंघल को मुख्यमंत्री ला?ली बहना योजना के तहत की जा रही कार्रवाई की मॉनीटरिंग की जिम्मेदारी सौंपते हुए निर्देशित किया है कि वे ग्वालियर-चंबल संभाग के प्रत्येक जिले में निरंतर संपर्क कर किए जा रहे कार्यों की जानकारी लें और नियमित रूप से आयुक्त कार्यालय को अवगत कराएँ।

संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिला कलेक्टरों से आग्रह किया है कि ओलों के कारण जिन किसानों की खेती प्रभावित हुई है उनके सर्वेक्षण का कार्य तत्परता से पूरा करें और प्रभावित किसानों को नियमानुसार राहत राशि का वितरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सीएम हैल्पलाइन की समीक्षा के दौरान संभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने विभाग में यह सुनिश्चित करें कि सभी एल-1 अधिकारी सीएम हैल्पलाइन में प्राप्त होने वाली शिकायतों को देखें और उसके निराकरण का कार्य प्राथमिकता पर करें। कोई भी एल-1 अधिकारी से बिना दिखे शिकायत एल-2 व एल-3 पर पहुँचती है तो संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बैठक में यह भी निर्देशित किया है कि संभागीय अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि न्यायालयों में प्रचलित प्रकरणों में विभाग की ओर से समय पर जवाब प्रस्तुत हो। किसी भी हालत में विभागीय लापरवाही के कारण न्यायालय में जवाब प्रस्तुत करने में विलंब नहीं होना चाहिए।

# ऋषि सेवा समिति की श्रीमद भागवत कथा ज्ञानगंगा यज्ञ की बैठक संपन्न






ग्वालियर। ऋषि सेवा समिति ग्वालियर द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञानगंगा यज्ञ अप्रैल से 21 अप्रैल तक सहयोग गार्डन रमटापुरा ग्वालियर में आयोजित किया जायेगा। श्रीमद भागवत कथा के मुख्य यजमान श्रीमति ज्योति दिनेश सिकरवार पार्षद बार्ड क्रमांक 13 है। श्रीमद भागवत कथा के लिए विगत दिवस ऋषि सेवा समिति ग्वालियर एवं आयोजन समिति के सदस्यों की बैठक में समितियों का गठन किया गया। कार्यक्रम संयोजक राम बाबू अग्रवाल एवं मुख्य यजमान दिनेश सिकरवार ने बड़ी संख्या में सम्मिलित आयोजन समिति सदस्यों को सम्बोधित करते हुए बताया कि कथा के लिए निकलने वाली कलश यात्रा में 500 महिलाएं पीली साड़ी में कलश धारण कर चलेगी। वहीं शोभा यात्रा में विभिन्न झांकियां में स्वरूप के साथ निकाली जायेंगी। कलश यात्रा का स्वागत जगह जगह स्वागत द्वार स्वागत किया जायेगा । कथा का समय 2 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल को 9बजे से 12 तक निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं लैन्स प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा । श्रीमद भागवत के अंतिम दिन विशाल पंडाल भी होगा।

# नगर परिषद मालनपुर में सफाई कर्मियों की पाठशाला संपन्न

**पुष्पांजली टूडे संवाददाता**
**पहलवान सिंह राजावत**

मालनपुर। उद्योग क्षेत्र मालनपुर की नगर परिषद द्वारा स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया गया लेहचुरा के पुरा सामुदायिक भवन में स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के तहत नगर परिषद मालनपुर के क्षेत्र लहचूरा पुरा में फीडबैक फाउंडेशन चेरी ट्रैवल्स ट्रस्ट द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के तहत स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया जिसमें फाउंडेशन के फील्ड ऑफिसर भरत कांत द्विवेदी द्वारा समस्त सफाई कर्मचारियों का परिचय लेते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि समूचे मध्यप्रदेश में स्वच्छता अभियान में नंबर एक पर इंदौर है हमारा आप सभी का कर्तव्य है कि मालनपुर नगर परिषद को भी प्रदेश भर में नंबर एक पर लाना है गली मोहल्ले वार्डो में जो गंदगी करने वाले हो जैसे खुले में शौच करना कचरा फैला ना आदि पर अंकुश लगाया जाए पन्नी कचरा आज हमारे लिए व्यवसाय जरिया है इसे एकत्रित कर डोर टू डोर गाड़ी में लाकर जो अतीत प्लांट लगा वह भी जिले भर में नगर पालिकाओं में पहला है रीसाइक्लिंग कर गीले कचरे से खाद बनाकर पैसा बनाते हैं बार्ड में अपने अपने कर्तव्य का पालन करते हुए स्वच्छता में ध्यान देकर अपना-अपना बार्ड स्वच्छ रखना है तब हम समूचे नगर परिषद क्षेत्र को स्वच्छता की डगर पर पहले नंबर पर ला पाएंगे खुले में शौच करने की एक ग्रामीण अंचल में मानसिकता बन गई है उसे रोकना होगा जो उस गंदगी से शरीर में हानिकारक कीड़े हमारे घरों में जाकर खाने पीने में प्रवेश कर जाते हैं उस पर काबू पाना है कूड़े और गंदगी को उसी तरह नष्ट किया जा सकता है जिस प्रकार पंच तत्व से बना शरीर अंतिम सांस लेने पर शमशान में जाकर जलकर अग्नि वायु मिट्टी में समावेश कर लेता है ठीक उसी प्रकार हम ट्रीट प्लांट के माध्यम से खाद बनाकर हरे पेड़ पौधों में उपयोग कर उन पौधों को संतुलित आहार देते हैं हम सब मिलकर स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 को सफल बना कर हम भी स्वच्छता में नंबर वन कहलाये इस अवसर पर भारत खुडासिया आई ई बी मेंबर ओमे ट्रिक्स सॉल्यूशन अधिकारी मौजूद रहे एवं नगर परिषद मालनपुर के उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह उर्फ जीतू द्वारा सफाई कर्मचारियों को प्रमाण पत्र वितरित किए जिन्होंने बार्डो में अच्छा सफाई का कार्य किया था नगर परिषद अध्यक्ष पति व भाजपा के वरिष्ठ अनूसूचित जाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मुकेश किरार, रॉकी जैन, विनोद जैन, राघवेंद्र शर्मा नगर निगम मालनपुर परिषद के पार्षद गण व सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।












स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478